वर्ष- 21 अंक - 341 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 27 मई 2026

न्यूज़ ब्रीफ...




बेंगलुरु ● एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कल गुरुवार को इस्तीफा दे सकते हैं। पार्टी उनकी जगह उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सीएम बना सकती है। दोनों नेताओं की मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी के साथ 6 घंटे तक बैठक हुई। बैठक में राहुल गांधी ने सिद्धारमैया से सीएम पद से इस्तीफा देने का कहा और उन्हें राज्यसभा भेजने का ऑफर दिया। साथ ही उन्हें दिल्ली में बड़ी राष्ट्रीय भूमिका निभाने को कहा है। सिद्धारमैया ने गुरुवार सुबह मंत्रियों को ब्रेकफास्ट मीटिंग के लिए बुलाया है। इसी दिन सिद्धारमैया इस्तीफा दे सकते हैं। इस मौके पर शिवकुमार भी मौजूद रहेंगे। बताया जाता है कि जिस तरह बिहार में भाजपा ने अपना मुख्यमंत्री बनाकर नीतीश को राज्यसभा में भेजा उसी तरह कांग्रेस भी अब सिद्धारमैया को राज्यसभा भेजेगी और उनके बेटे को कर्नाटक में मंत्री बनाएगी।

## सीएम की कुर्सी जाते ही केरल के पूर्व मुख्यमंत्री विजयन के यहां छापा



तिरुवनंतपुरम ● एजेंसी

केरल में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री पिनरई विजयन से जुड़े ठिकानों समेत 12 जगहों पर छापेमारी की है। यह मामला उनकी बेटी वीणा विजयन की कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशन्स और सीएमआरएल के बीच कथित वित्तीय लेनदेन से जुड़ा है। एसएफआईओ पहले ही इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर चुका है। आरोप है कि एक्सालॉजिक को बिना सेवा दिए करोड़ों रुपए का भुगतान किया गया। अब ईडी इस पूरे मामले में मनी लॉन्ड्रिंग एंगल की जांच कर रही है। ईडी तिरुवनंतपुरम, कोच्चि और कन्नूर में पिनाराई विजयन की बेटी वीना विजयन से जुड़े 12 ठिकानों पर रेड मारकर सर्च ऑपरेशन चला रही है।



## पत्नी को सोने में तोलेगा अरबपति बिजनेसमैन

**बुधवार.एजेंसी।** दुबई के अरबपति बिजनेसमैन सतीश संपाल और उनकी पत्नी तबिंदा (बिंदा) इंटरनेट पर ट्रेंडिंग कपल बने हुए हैं। शो देसी ब्लिंग ने उन्हें फेमस कर दिया है। नेटफ्लिक्स के शो में बिंदा के पास 40 किलो गोल्ड होने का भी खुलासा हुआ। उन्होंने बताया कि सतीश हर साल उन्हें 3 किलो सोना देते हैं। सतीश ने कहा कि उन्होंने पत्नी से वादा किया है कि 10वीं सालगिरह पर वो उन्हें गोल्ड में तोलेंगे। बिंदा और सतीश ने अपनी 2 साल की बेटी को लैविश लाइफ दे रखी है। उसके पास 3 नैनी है। वो सोने के बर्तनों में खाना खाती है। उसके पास करोड़ों की रोल्स रॉयस है। बिंदा ने कहा कि वो सतीश के उठने से पहले रोजाना उनके पैर दबाती हैं। पति को फुट मसाज देती हैं। वो पति के नाखून काटती हैं।

## ममता के 50 विधायक, 20 सांसद भाजपा में जाने को तैयार

कोलकाता ● एजेंसी

बंगाल में चुनाव हारने के बाद ममता की पार्टी में भगदड़ मची है। हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के 100 पार्षदों ने इस्तीफा दिया है और तृणमूल की सांसद काकोली घोष व 6 विधायक भी मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की बैठक में शामिल हुए। इस बीच बांकुड़ा सांसद सौमित्र खान ने दावा किया है कि टीएमसी के करीब 50 विधायक अपनी पार्टी से नाराज हैं और 20 सांसद बीजेपी में आने के लिए तैयार हैं। उन्होंने दावा किया कि ये विधायक-सांसद बीजेपी के संपर्क में हैं और नेतृत्व से मंजूरी मिलते ही पाला बदलने को तैयार हैं। सौमित्र खान ने तो यहां तक कह दिया है कि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व अगर एक बार कह दे, तो टीएमसी नाम की कोई पार्टी नहीं बचेगी। हर कोई बीजेपी में आने को तैयार है।

## बकरीद से पहले भाग रहे हैं बांग्लादेशी घुसपैठिये

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार आने के बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों की नींद हराम हो गई। नई सरकार ने इन घुसपैठियों को दो टूक कहा है कि वे जल्द से जल्द बंगाल छोड़कर बांग्लादेश चले जाएं। अब बकरीद से पहले ही ये घुसपैठिये घरवापसी की तैयारी कर रहे हैं। कई स्टेट बॉर्डर के पाइप्स पर इन घुसपैठियों की भीड़ लग रही है जो वापस बांग्लादेश जाना चाहते हैं। सरकारी कार्रवाई के डर से मकान मालिक भी इन घुसपैठियों को घर खाली करने को कह रहे हैं।

## वृंदावन की गलियों में बेटी संग थिरके कुमार विश्वास

**वृंदावन.एजेंसी।** मशहूर कवि कुमार विश्वास पत्नी और बेटियों के साथ वृंदावन पहुंचे, तो सभी का अंदाज देखते ही बना। जहां कवि और उनकी बड़ी बेटी वृंदावन की गलियों में भगवान कृष्ण की भक्ति में रंगकर थिरकते नजर आए, तो छोटी बेटी और पत्नी भी पूरे परिवार के साथ देसी रूप में बढ़िया लगीं। कुमार विश्वास के इकलौते दामाद भी साथ थे।





## आसाराम बापू की आजीवन कारावास की सजा बरकरार

**जयपुर.एजेंसी।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे आसाराम बापू को बड़ी राहत देने से इनकार करते हुए उनकी आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। हालांकि अदालत ने उन्हें गैंगरेप के आरोप से बरी कर दिया, लेकिन अन्य गंभीर आरोपों में दोषसिद्धि और सजा यथावत रखी गई है। साथ ही उन्हें सरेंडर करने का भी आदेश दिया गया है। वे अभी पैरोल पर बाहर हैं।



## एयरफोर्स स्टेशन के करीब पहुंची जंगल की आग

**बुधवार.एजेंसी।** भीषण गर्मी के कारण जगह-जगह जंगलों में आग लग रही है। हिमाचल प्रदेश के कसौली में जंगल की आग अब एयरफोर्स स्टेशन के पास तक पहुंच गई है। एयरफोर्स ने अब आग पर काबू पाने के लिए चिनूक हेलिकॉप्टर को तैनात कर दिया है। उधर शिमला के पास राजहाना गांव के पास भी जंगल में आग लग गई है। इसी तरह उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग विकराल होती जा रही है और रिहायशी इलाके भी आग की चपेट में आ रहे हैं।

## अल-अक्सा मस्जिद पर कब्जा करेंगे अमेरिका-इजरायल

**बुधवार.एजेंसी।** फिलिस्तीन के यरुशलम स्थित अल-अक्सा मस्जिद को लेकर एक नई राजनीतिक और धार्मिक लड़ाई छिड़ती दिखाई दे रही है। दावा किया जा रहा है कि अमेरिका और इजरायल मिलकर एक ऐसे नए प्लान पर काम कर रहे हैं, जिसके तहत अल-अक्सा मस्जिद पर जॉर्डन की दशकों पुरानी संरक्षक यानी कस्टोडियन की भूमिका को खत्म किया जा सकता है।

# कांग्रेस के धरना स्थल पर लगे थे पानी के फव्वारे

## टेंट पड़ा छोटा, रोड तक किया कांग्रेसियों ने कब्जा, भीड़ देखकर नेताओं के चेहरे खिले

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



शहर कांग्रेस ने कल महापौर पुष्यमित्र भार्गव के इस्तीफे की मांग और शहर के 85 वार्डों में पानी की समस्या पर शहर की हृदय स्थली राजवाड़ा पर कल शाम धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने बकायदा इसके लिए टेंट लगाया और टेंट के अन्दर हवा के साथ पानी के प्रेशर की मशीन भी लगवाई, जिससे टेंट में ठंडक बनी रही और महिलाओं सहित अन्य कांग्रेसी टेंट में बैठे रहे क्योंकि कार्यक्रम दो घंटा तक चला था। कांग्रेसी अच्छी संख्या में पहुंचे थे, जिससे शहर कांग्रेस पदाधिकारियों से लेकर बडे कांग्रेसियों के भी चेहरे खिले हुए थे कि कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन, आन्दोलन में भी अब भीड़ दिखने लगी है, जो टेंट लगाया था वह भी छोटा पड़ गया। कांग्रेसियों को रोड पर खड़े भी रहना पड़ा। कुछ कांग्रेसी यह भी बोले कि महंगाई, बेरोजगारी, दूषित जल और पानी संकट से कांग्रेस अब खुद का राजनीतिक वनवास का सूखापन खत्म करने की राह ढूंढ रही है। एक बार फिर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे इस आयोजन के माध्यम से सफल रहे। एक बार फिर कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन, आन्दोलन में भीड़ दिखाई दी। कुछ वार्डों से कांग्रेसी आम जनता को लेकर भी भागीदारी करने इस प्रदर्शन में पहुंचे थे। कांग्रेस ने भी खाली मटके की राजवाड़ा पर व्यवस्था की थी, तो कुछ महिलाएं भी मटका लेकर पहुंची थी। कल इन दो घंटों में जरूरत से ज्यादा भाषण भी हुए उसमें भी कुछ नेता बोलने से चूके। वे बार-बार अपने उद्बोधन के लिए प्रयास करते रहे। कइयों को बोलने का मौका नहीं मिला तो नाराजगी भी दिखाई दी। हमेशा की तरह कल भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी करीब पौन घंटा देरी से पहुंचे और उन्होंने घोषणा की कि शीघ्र ही मीडिया के सामने शहर के दूषित जल के आंकडे प्रस्तुत करुंगा। 2 हजार से अधिक करोड की फाइल में घोटाला नगर निगम में हुआ है। कांग्रेस ने उठाई थी आवाज लेकिन जिम्मेदारों पर नहीं हुई कार्रवाई। इन्दौर के 90 प्रतिशत क्षेत्रों में पानी दूषित आ रहा है। महापौर में नैतिकता है तो उन्हें पद छोडकर अलग हट जाना चाहिए। धरना प्रदर्शन के बाद राजबाडा पर मटकियां फोडी गई। आखिर में जुलूस के रूप में कांग्रेसी और अन्य लोग भी पैदल मार्च करते हुए नगर निगम गेट पर पहुंचे और वहां भी खाली मटकियां फोडी और नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर वहां भी महापौर से इस्तीफा मांगा। नगर निगम पर कांग्रेसियों ने कहा कि सभी अपनी हद में रहे। किसी तरह का बेरिगेट्स नहीं उलांघे। तत्काल कार्यक्रम समापन की घोषणा भी की गई और कांग्रेसियों को अपने-अपने जगह जाने की हिदायत भी दी गई।




कांग्रेस ने गर्मी से बचने के लिए टेंट में लगाए फव्वारे चर्चा का विषय बने हुए थे, कुछ भाजपाइयों ने इनके फोटो सोशल मीडिया पर डाले और कहा कि कहां पानी की कमी है। कांग्रेसी आराम से फव्वारे में बैठकर ठंडक ले रहे हैं। कांग्रेस के एक प्रभारी बाला बच्चन तो कल के आयोजन में पहुंच गए थे, लेकिन दूसरे प्रभारी पंकज उपाध्याय नहीं पहुंच पाए थे। जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ जिले से भी कांग्रेसी पहुंचे थे। इस बार ब्लॉक, मंडलम और नगर पदाधिकारी भी दिखाई दिए फिर भी कई नदारद थे, कुछ पार्षद भी गायब थे, भीड़ अच्छी थी। संचालन शैलेष गर्ग ने किया। कांग्रेसी कल राजवाड़ा और नगर निगम के प्रदर्शन में हद में रहे। वे विगत दिनों हुए पार्षद कुणाल सोलंकी के प्रदर्शन के दौरान 18 कांग्रेसियों पर कार्रवाई के मद्देनजर अपने पर प्रकरण दर्ज नहीं करवाना चाहते थे। राजवाड़ा और नगर निगम पर पुलिस ने भी चाकचौबंद व्यवस्था रख रखी थी और दोनों ही जगह के यातायात भी डायवर्ट किए थे। खासतौर से राजवाड़ा का यातायात करीब 3 घंटे डायवर्ट हुआ। कांग्रेसियों ने भी राजवाड़ा और नगर निगम पर किसी तरह का हंगामा खड़ा नहीं किया। केवल मटके फोड़े।

## कांग्रेस कर रही राजनीतिक नौटंकी -महापौर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कांग्रेस के प्रदर्शन को नौटंकी बताते हुए कहा की कांग्रेस के नेता, चाहे प्रदेश अध्यक्ष हों या इंदौर में नौटंकी करके प्रदर्शन करने वाले लोग है, जो नौटंकी के पर्याय बन चुके हैं। कांग्रेस के पार्षद अपने वार्ड में पानी मिलने के बाद भी सबसे ज्यादा हंगामा और प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने प्रदर्शन किया है। सबसे पहले कांग्रेस के पार्षद और नेता यह बताएं कि उन्हें शहर में पानी की आपूर्ति व्यवस्था की कितनी समझ है। शहर में कहां कितना पानी आता है, कितना दबाव बढ़ा है और किन चुनौतियों के बीच जल आपूर्ति की जा रही है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्हें यह भी हिसाब देना चाहिए कि उनके वार्ड में जितने टैंकर दिए गए, उनमें से कितनों को पानी मिला और उन सुविधाओं का क्या उपयोग हुआ। नगर निगम दो महीने पहले से ही टैंकर और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा चुका है। उनका उपयोग कैसे किया गया, इसका जवाब कांग्रेस नेताओं को जनता के सामने देना चाहिए। ये लोग तीन-तीन और चार-चार बार पार्षद रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कई नेता दो-दो बार विधायक भी रहे हैं। अब समय आ गया है कि जीतू पटवारी और कांग्रेस के अन्य नेता यह बताएं कि उन्होंने अपने क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए क्या काम किया। जनता को इसका हिसाब देने का समय आ गया है। केवल प्रदर्शन और नौटंकी करने से समस्याओं का समाधान नहीं होगा। महापौर ने यहां तक कहा कि कांग्रेस पार्षदों को दो माह पहले ही टैंकर दे चुके हैं और उसके बाद भी बेवजह हंगामा कर रहे हैं।

## देवी अहिल्या बाई के सम्मान से सम्मानित होंगी चार मातृशक्तियां

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अहिल्या जन्मोत्सव समिति द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर का जन्मोत्सव 28 और 31 मई को मनाया जाएगा। आयोजन से जुडे विधायक उषा ठाकुर, जयंत भिसे, सुनील मतकर ने बताया कि पहला मुख्य कार्यक्रम 28 मई को सायं 6.30 बजे जाल सभागृह में आयोजित किया जाएगा। इस



दौरान चार मातृशक्तियों भारती ठाकुर, भारती कुशवाह, क्रांति जोशी और डॉ. माधुरी यादव को अहिल्यादेवी होलकर सम्मान प्रदान किया जाएगा। ज़न्मोत्सव का आयोजन राजबाडा पर 31 मई को सुबह 8 बजे से होगा। भजन मंडल, कला दल, ढोल पथक और बैंड वादक राजबाड़ा स्थित देवी अहिल्या प्रतिमा उद्यान की तीन परिक्रमा कर अपनी संगीतमय मान वंदना अर्पित करेंगे। इसके बाद शहर के गणमान्य नागरिकों और अहिल्या भक्तों द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।राजबाड़ा स्थित मल्हारी मार्तंड मंदिर में 108 जोड़ों द्वारा भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया जाएगा।

# आम आदमी पार्टी का 230 विधानसभा सीटों पर ध्यान

### अगले माह इन्दौर में होगा सम्मेलन
### निकाय चुनाव में भी आजमाएंगे हाथ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आम आदमी पार्टी के म.प्र. के सह प्रभारी एवं दिल्ली के पूर्व विधायक जय भगवान उपकार ने मीडिया से चर्चा में कहा कि इन्दौर में 14 जून को राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आनंद मोहन माथुर सभागृह में होगा। नव नियुक्त पदाधिकारी पदभार ग्रहण करेंगे। सम्मेलन में आप अभी म.प्र. में अगले वर्ष होने वाले निकाय चुनाव लडेगी। हर स्तर पर आम आदमी पार्टी संगठन खडा करेगी। प्रदेश, जोन, जिला, विधानसभा और बूथ स्तर तक व्यापक संगठन विस्तार अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में प्रदेश के प्रदेश कमेटी, जिला कमेटी तथा




विभिन्न प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियां की गई हैं। इधर हर स्तर पर संगठन मजबूत करने के साथ हर झोन में सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम, नगर पालिका सहित निकाय चुनाव अगले वर्ष लडने के बाद आम आदमी पार्टी 2028 में विधानसभा चुनाव प्रदेश की 230 सीटों पर लडेगी। इन दो चुनाव में आम आदमी पार्टी किसी भी राजनीतिक दल से गठबंधन नहीं करेगी। अकेले ही चुनाव लडेगी और इसलिए आप प्रदेश में विकल्प के रूप में उभरेगी। आम आदमी पार्टी महंगाई, बेरोजगारी, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार मूलभूत समस्याओं के मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रही है। पेट्रोल-डीजल, गैस के दामों ने चौरतफा महंगाई बढ़ा दी है। क़ई घोटालों के मुद्दे भी आप पार्टी उठाएंगी। सहप्रभारी के साथ मीडिया से चर्चा में कमल गुप्ता, आकाश यादव, संदीप शर्मा, अनुराग यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक ने किए संत के अंतिम दर्शन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिंधी समाज से जुड़े संत दयालदास उदासी के निधन के बाद कल उनके अंतिम दर्शन के लिए भी पार्थिव शरीर रखा गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में सिंधी समाजजन पहुंचे। विधायक मालिनी गौड़ और हिन्द रक्षक के एकलव्यसिंह गौड़ गोविंदधाम दरबार सिंधी कालोनी में पहुंचे और संत के अंतिम दर्शन कर पुष्पांजलि अर्पित की। निर्धारित समय पर अंतिम यात्रा संत की गोविंदधाम से निकली।

## पार्षदपति ट्रैक्टर चलाकर करवा रहे हैं पानी वितरण




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 5 के वार्ड 52 में कांग्रेस पार्षद सावित्री चौधरी है और इन दिनों जल संकट में पार्षदपति सुदामा चौधरी अपने वार्ड में पानी की समस्या पर खुद पानी के टैंकर के स्टेरिंग पर बैठकर ट्रैक्टर चलाकर क्षेत्रों में पहुंच रहेहैं और पानी का वितरण बारी-बारी से अलग-अलग मोहल्लों में करवा रहे हैं।

# मंदिर के रास्ते पर मलबा डाला तो विरोध-प्रदर्शन

## निगम को जमकर कोसा गया और कहा कि सनातन आस्था के साथ हो रहा है खिलवाड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



जागेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य मार्ग पर नगर निगम ने मलबा डाल दिया। इस पर जय सनातन राष्ट्रसेवा संगठन एवं अन्य हिंदू संगठन ने निगम के खिलाफ आक्रोश जताया और किला मैदान रोड पर विरोध प्रदर्शन भी किया। हिन्दूवादियों ने कहा कि नगर निगम द्वारा जानबूझकर मंदिर का रास्ता अवरुद्ध किया गया है, परिसर पर मलबा डालकर हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया। यह भी आरोप लगाया गया कि प्राचीन कुएं को मलबे से पाटने का काम भी किया गया। कल शाम इन दोनों ही मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह भी कहा कि निगम तानाशाही कर रहा है, अगर जल्द कुएं का मलबा और रास्ते से मलबा नहीं हटाया तो रोड पर चक्काजाम किया जा सकता है। अनुराग फड़के ने कहा कि शनिवार तक सारा मलबा नहीं हटा तो रविवार की सुबह 9.30 बजे फिर से हिन्दू समाज को सड़क पर आने पर विवश होना पड़ेगा। इस मामले में फड़के ने कहा कि झोनल अधिकारी से भी चर्चा की गई थी, लेकिन उन्होंने भी खोखले आश्वासन दिए, अब अंतिम चेतावनी है। कल प्रदर्शन के दौरान अनुराग फड़के, जीतेन्द्र वर्मा, प्रमोद शर्मा, मुकेश धारनीया, मयंक शर्मा, शुभम चौधरी मौजूद थे।

## हालात -ए-गणतंत्र

'पैसा दो तो हर काम लीगल
नहीं तो आपके माँ बाप अवैध बता दे प्रशासन
ऐसा दौर है'
इंदौर की बात है
शुरूआत है जल युद्ध की
युद्ध का स्थल है
आईटी डीएवीवी
इंजीनियरिंग कालेज
का वीडियो पूरे देश ने देखा
लोग सीनियर इंजीनियरों की अभद्रता बता रहे है
पर बात कुछ और ऐसे हालात
शहर की हर गली में देखने को मिलेगा
तैयार रहें
मोहल्ला - मोहल्ले, गांव- गांव, शहर - शहर
अब ज्यादा दूर नही है ये दिन
साल दो साल में बस
कारण था होस्टल में पानी
नहीं आ रहा था पन्द्रह दिन से
विद्यार्थी भड़क गए , फिर मची धूम
नर्क सी हालात हो गई थी होस्टल की
बाथरूम टाईलेट की बदतर हालत
बदबू आ रही थी - कोई सुनवाई नही
छात्रों ने कालेज में कर दिया हंगामा
वैसे ही शहर पानी पानी के लिए जूझ रहा है
ऐसी ही पानी की मीटिंग से
विधायक नाराज होकर मीटिंग छोड़कर चले गए
दो पार्षदों की भिड़ंत हो गई
विपक्षी नेता चिंटू चौकसे ने जोरदार आवाज उठाई
हर वार्ड में
पर आज आग लगने पर
कुआँ खोदने जैसा दृश्य है सामने
अदूरदर्शिता, अंधें और शहर लूटने आई एजेंट अफसरशाही ने बेड़ा गर्क कर दिया शहर
चंद नोटों की गड्डियों में बिक कर
तालाब बिक गए, कुएँ सूख गए, नदियों को गंदा कर दिया, पेड़ काट दिए, पर्यावरण के पैसे खा गए, शहर की जल योजना को पी गए , जनता को मजबूर कर दिया जहरीला पानी पीने को, वृक्षारोपण का पूरा का पूरा पैसा डकार गए और डकार भी नहीं ली
और अभी भी बाज नहीं आ रहे
पैसा दो तो हर लीगल है देश में- पैसा नहीं तो आपके माँ-बाप को भी इललीगल बता दे, ऐसा दौर है
जल स्तर पाताल लोक पहुंच गया
भ्रष्टाचार के लिए हो रहे
बेतरतीब विकास की जय हो
जनता की चुप्पी व जनप्रतिनिधियों की चुप्पी
एक दिन शहर के लिए जी का जंजाल साबित होगी

समाज की विडम्बना
शहर के जिलाधीश ने पहले ही समाज
के तथाकथित नेताओं को स्पष्ट
बता दिया था की
मैं ज्ञापन लेने नहीं आऊँगा
यह नेताओं का अपमान है
क्या मतलब था इतने समाज जन का
दो जन जाते दे आते
ज्ञापन हम सब जानते है
रद्दी की टोकरी में फेंकने के लिए
दिए जाते है
समाज जन सड़क पर ताकत दिखाने के लिए
उतारा जाता है
हमनें रैली द्वन्द में इतनी जल्दी
शुरू कर दी कि लोग रास्ते में ही रह गए
जैसे ज़िलाधीश आरती उतारने के लिए
तैयार बैठे हो
आठ बजे रैली शुरू और 9 बजे खत्म
सवा 9 बजे आभार
इतनी जल्दी किस बात की थी
यह चर्चा का विषय है
ज्ञापन ऐसे बाँच दिया कि बस बाँचा गया

**-नकुल रतन पाटोदी**




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इन दिनों गर्मी और उमस से लोग परेशान है, खासतौर से सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक गर्मी के साथ हवाएं उमस के साथ चुभ रही है। भले ही टेम्प्रेचर पिछले मुकाबले कम हुआ है, लेकिन उमस के कारण गर्मी का भरपूर एहसास हो रहा है। रात में जरूर कभी ठंडी हवाएं चल जाती है, जिससे तापमान में कमी का असर होता है। अभी 41 से 42 डिग्री तक तापमान पहुंच रहा है, जबकि यह तापमान पूर्व में 43 से 44 तक पहुंच गया था। मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि 31 मई और 1-2 जून को हल्की बारिश और बूंदाबांदी भी हो सकती है और उसके बाद तापमान में कमी भी आ सकती है। कोई भारी बारिश की संभावना अभी नहीं है। कुल मिलाकर दोपहर में जब जरूरी होता है तो ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं, व्यापारिक क्षेत्रों में भी दोपहर 12 से लेकर शाम 5 बजे तक सन्नाटा नजर आता है, जरूरी ग्राहक ही पहुंचते हैं, शाम को जरूर व्यापारिक क्षेत्रों में ग्राहकों की चहल-पहल होती है। अभी नवतपा भी चल रहा है इसीलिए आम लोग यही मानकर चल रहे हैं कि इस नवतपा में गर्मी का असर रहना भी चाहिए और रोहिणी गलना नहीं चाहिए, जबकि कुछ वर्षो से रोहिणी में पानी आ रहा है।

# विधायक ने उठाया पूर्व उपराष्ट्रपति के समर्थन का मुद्दा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधायक उषा ठाकुर ने कल लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और उसके बाद उन्होंने समान नागरिक संहिता पर भी अपनी बात कही। धार भोजशाला को लेकर भी बयान दिया और साथ में पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के गाय को राष्ट्रपशु घोषित करने की बात का समर्थन किया। ठाकुर ने कहा कि गाय की बलि तो वर्जित है। उषा ठाकुर ने कहा कि धार की भोजशाला मामले में पहले ही सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर की गई है। मुस्लिम समाज इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाना चाहता है।

# जिला कांग्रेस की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और संगठन मंत्री डॉ. दौलत पटेल ने बताया कि आज जिला कांग्रेस प्रभारी विजयलक्ष्मी साधौ और सहप्रभारी अजय रघुवंशी गांधी भवन में जिले की चारों विधानसभाओं के प्रभारियों की मौजूदगी में बैठक आयोजित कर रहे हैं। इस प्रभारियों की बैठक के बाद जिले के प्रमुख नेताओं के साथ में भी दोपहर में बैठक होगी। संगठनात्मक किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ ही पार्टी के आगामी कार्यक्रम और योजनाओं पर भी आज दोपहर बाद तक चर्चा की जाएगी।



## भाजपा नगर अध्यक्ष इंदौर पहुंचे सांसद ने दिल्ली में की मुलाकात 15 दिन आराम की सलाह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दिल्ली में स्वास्थ्य लाभ ले रहे भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा से लगातार राजनेता मुलाकात कर रहे है। सांसद शंकर लालवानी ने मिश्रा से भेंटकर स्वास्थ्य कुशलक्षेम की जानकारी ली। इधर विनोद खंडेलवाल ने बताया कि भाजपा नगर अध्यक्ष दिल्ली से इंदौर पहुंच गए हैं और उन्हें अभी 15 दिनों तक स्वास्थ्य के लिए आराम की सलाह दी गई है।

# मातृशक्ति प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति मालवा प्रांत का प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग बायपसा स्थित अग्रसेन महासभा भवन में आयोजित किया जा रहा है। मालवा प्रांत के आठ विभागों के अंतर्गत आने वाले 29 जिलों में से 24 जिलों की 174 बहनों ने सहभागिता की। मीनाक्षी ताई पिंपळे, डॉ. माला ठाकुर ने अपनी भूमिका निभाई।

# नेहरू पार्क के पास मिला 4 दिन के नवजात का शव

## कपड़े में लपेटकर फेंक गए बेरहम माता-पिता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**तुकोगंज थाना इलाके में नेहरू पार्क के पास एक मासूम नवजात बच्चे का लावारिस शव पड़ा मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है।**

मिली जानकारी के अनुसार नेहरू पार्क की बाउंड्रीवॉल के पास सफाई कर्मी निर्मला को झाड़ियों और दीवार के ओट में एक संदिग्ध कपड़ा लिपटा हुआ दिखाई दिया। जब लोगों ने पास जाकर देखा तो उसके भीतर एक नवजात शिशु (उम्र करीब 4 दिन) अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। सफाई कर्मी ने तुरंत इसकी सूचना तुकोगंज थाना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही तुकोगंज थाने की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस ने नवजात के शव को पोस्टमार्टम एमवाय अस्पताल भिजवाया है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि बच्चे की मौत फेंकने से पहले हो चुकी थी या फिर उसे जीवित अवस्था में वहां लाकर छोड़ा गया था।

### दरोगा समझा किसी पशु का है बच्चा

सफाई कर्मी निर्मला ने जब यह कपडे और थैली में लपटा हुआ शिशु का शव देखा तो उन्होंने तुरन्त निगम के दरोगा को इसकी सूचना दी। इसके बाद दरोगा मौके पर पहुंचे तब उन्हें लगा कि यह किसी पशु का बच्चा है, इसके बाद नवजात का हाथ थैली से बाहर नजर आया तो दरोगा समझ गए कि थैली में कोई नवजात शिशु है। जिसके बाद तुरन्त उन्होंने क्षेत्रीय पुलिस को सूचना दी।

# कल मुस्लिम समाजजन पहले नमाज अदा और फिर करेंगे कुर्बानी आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मुस्लिम समाज का दूसरा बड़ा पर्व ईदुज्जुहा कल मनाएंगे, कल सुबह से अलग-अलग क्षेत्रों में निर्धारित समय पर मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। इस पवित्र दिन पर कल सम्पूर्ण समाजजन मस्जिद में पहुंचकर पर्व की नमाज अदा करेंगे। कल सदर बाजार, खजराना, आजाद नगर, छोटी ग्वालटोली ईदगाह में भी विशेष ईदुज्जुहा की नमाज आदा होगी। शहर डॉ. इसरत अली को बग्घी सत्यनारायण सलवाड़िया सम्मापूर्वक इदगाह तक ले जाएंगे।

# खजराना दरगाह परिसर में ठंडे पानी की किल्लत

## बकरा हाट भी लग रहा है उन्हें खरीदना पड़ रही है बाहर से ठंडे पानी की बोतल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खजराना स्थित नाहरशाह वली दरगाह परिसर में इन दिनों मुस्लिम समाजजन पहुंच रहे हैं तो उन्हें वहां पीने का पानी तो मिल रहा है, लेकिन ठंडा पानी नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। बकरीद के लिए पहले से यहां बकरों का हाट लग रहा है, जो लोग यहां बकरे लेकर पहुंचे है वे भी ठंडा पानी के लिए परेशान होते नजर आए। शुक्रवार से लेकर अन्य नमाज में भी नमाजी और जायरीन पहुंचते हैं उन्हें भी ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। लोग बाहर दुकानों से ठंडे पानी की बाटल खरीदकर पानी पी रहे हैं। समाजजनों का कहना है कि दरगाह कमेटी को ठंडे पानी की मशीन की व्यवस्था करना चाहिए।

### टेन्ट हाऊस में लगी आग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कल पलासिया थाना क्षेत्र के गीता भवन स्थित अशोक टेन्ट हाऊस में आग लग गई। आग के कारण टेन्ट के ऊपर रहने वाले जोसेफ के मकान की खिडकी और दरवाजे भी जल गए। वहीं टेन्ट हाऊस में रखी कुर्सियां, फर्नीचर सहित अन्य सामग्री जल गई। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल ने 5 हजार लीटर पानी बहाकर आग पर काबू पाया।

# फंदे पर झूला युवक, परिजनों ने समय रहते उतारकर बचाई जान

**इन्दौर।** विजयनगर इलाके में एक परिवार की सूझबूझ और फुर्ती से एक बड़ा हादसा टल गया। एक युवक मौत के मुंह में समाने ही वाला था, लेकिन परिजनों की सजगता के कारण उसे समय रहते नई जिंदगी मिल गई। घटना विजयनगर थाना क्षेत्र के अंबिका नगर की है। यहाँ रहने वाले विशाल पिता राजेंद्र ने अज्ञात कारणों से चलते अपने कमरे में फांसी का फंदा तैयार किया और उस पर झूल गया। कुछ देर बाद जब परिवार के सदस्य किसी काम से उसके कमरे की तरफ गए, तो विशाल को फंदे पर लटका देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।विशाल को फंदे पर लटका देख परिजनों ने बिना एक पल गंवाए चीख-पुकार करने के बजाय हिम्मत दिखाई। उन्होंने तुरंत विशाल को फंदे से नीचे उतारा। उस वक्त विशाल की सांसें बेहद कमजोर चल रही थीं। परिजन उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की टीम ने तुरंत उसका इलाज शुरू किया। समय पर इलाज मिलने के कारण डॉक्टरों ने विशाल की हालत अब खतरे से बाहर बताई है।

# अधिकारी-कर्मचारियों के मेधावी बच्चों का सम्मान होगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शासकीय अधिकारी, कर्मचारी संगठन के हरीश बोयत ने बताया कि अधिकारी और कर्मचारियों के प्रतिभावान बच्चों के सम्मान का आयोजन 28 जून रविवार को किया जाएगा। इसके लिए 20 जून तक आवेदन फार्म इन मेधावी बच्चों को 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक वाली मार्कशटी की कॉपी जमा करना होगा। इस आयोजन में जिला प्रशासन द्वारा प्रथम पांच बच्चों को दस, दस हजार रुपए के नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। स्व.सुधीर जेन की याद में नगद 11 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान कर सुधीर जैन अवार्ड व जिले में बायोलॉजी में प्रथम आने वाले छात्र को स्व.पंकज पटेल अवॉर्ड व नगद 11 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाती हैं। 15 अन्य पुरस्कार 5100 एवं 3100 के प्रदान किये जाते है।

# जिंसी की सड़क का निर्माण करने के लिए ठेकेदार के साथ हुई बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**नगर निगम के द्वारा जिंसी की सड़क से निर्माण हटाए जाने के बाद अब सड़क का निर्माण करने के लिए ठेकेदार को कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। ठेकेदार को यह बताना होगा कि वह कब से काम शुरू करेगा और काम किस तरह से किया जाएगा।**

**ठेकेदार को निर्माण कार्य की कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश**

नगर निगम के द्वारा गत दिवस अभियान चला कर जिंसी चौराहे से लेकर लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक आने वाली सड़क को 60 फीट चौड़ा करने की पहल की गई है। इसके तहत निगम के द्वारा इस सड़क की चौड़ाई में आने वाले मकान के निर्माण को तोड़कर ध्वस्त कर दिया गया है। कल नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा निगम के अधिकारियों के साथ इस सड़क का निर्माण करने वाले ठेकेदार की बैठक ली गई। इस बैठक में ठेकेदार को सड़क का निर्माण कार्य करने के लिए कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। ठेकेदार से कहा गया है कि वह यह बताएं कि वह सड़क का निर्माण कब से शुरू करेगा और किस तरह से इस काम को आकार दिया जाएगा।

इसके साथ ही नगर निगम की वर्कशॉप के अधिकारियों ने बताया कि ठेकेदार के काम के स्कोप में तोड़े गए मकान का मलवा उठाने का काम भी शामिल है। ऐसी स्थिति में ठेकेदार के द्वारा जिंसी रोड से 90 प्रतिशत से ज्यादा मलवा उठा लिया गया है। इस ठेकेदार के द्वारा किए गए काम का यह परिणाम है कि इस सड़क पर यातायात इस समय बेहतर तरीके से चलने लगा है। अब आज ठेकेदार के द्वारा इस सड़क का निर्माण करने के लिए अपने कार्य योजना को प्रस्तुत कर दिया जाएगा। इस कार्य योजना के आने के बाद निगम के अधिकारियों के द्वारा इस सड़क का निर्माण शुरू करवाने की पहल की जाएगी।

### बारिश के पहले काम शुरू करना है

निगम के अधिकारियों के द्वारा यह तय किया गया है कि बारिश का मौसम शुरू होने से पहले इस सड़क का काम शुरू कर देना है ताकि बारिश जब आए तब तक इस सड़क में कुछ काम काज नजर आने लगे। हमें सड़क के काम को प्राथमिकता के साथ आकार देने की स्थिति में लाना है।

# चंदन नगर की सड़क के मामले को निगम ने किया लंबित

## 200 परिवारों के लिए निगम को नहीं मिल रही है व्यवस्थापन की जगह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा चंदन नगर से एरोड्रम रोड तक बनाई जाने वाली सड़क के मामले को लंबित कर दिया गया है। इस सड़क का निर्माण करने पर जिन 200 परिवारों का व्यवस्थापन किया जाना है उनके लिए नगर निगम को उचित स्थान नहीं मिल पा रहा है।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा सबसे ज्यादा प्राथमिकता के साथ इस सड़क के निर्माण के कार्य को हाथ में लिया गया था। उनके द्वारा रुचि लिए जाने के कारण ही राज्य सरकार के द्वारा इस सड़क को मास्टर प्लान की सड़क की सूची में शामिल किया गया था। महापौर चाहते हैं कि इस सड़क का निर्माण सबसे पहले और सबसे ज्यादा तेज गति के साथ हो। इस सड़क का निर्माण हो जाने से धार रोड से एरोड्रम रोड पर जाने के लिए एक अच्छा वैकल्पिक मार्ग तैयार हो जाएगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा सड़क का एलाइनमेंट फिक्स करने का काम कर लिया गया है।

निगम ने इस क्षेत्र में सेंट्रल लाइन डालकर लोगों के घरों में होने वाली तोड़फोड़ के निशान भी लगा लिए हैं। इसके पश्चात निगम के द्वारा किए गए सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस क्षेत्र में तोड़फोड़ करने से पहले 200 परिवारों का व्यवस्थापन करना होगा। अब समस्या यही पर जाकर शुरू हो गई है। इन परिवारों का व्यवस्थापन करने के लिए नगर निगम के पास कोई जगह नहीं है। नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए मकान में इन लोगों का व्यवस्थापन करने की पहल की गई। इन लोगों को जब ताप्ती परिसर में शिफ्ट करने की पहल की गई तो वहां से क्षेत्र के भाजपा नेताओं के द्वारा इसका विरोध कर दिया गया।

इसके परिणाम स्वरुप इंदौर नगर निगम के द्वारा इस प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब नगर निगम इन लोगों का व्यवस्थापन करने के लिए स्थान ढूंढने में लगा हुआ है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि जब तक स्थान नहीं मिलता और उनका व्यवस्थापन नहीं कर दिया जाता है तब तक इस सड़क के सामने हाथ नहीं डाला जाएगा। ऐसे में अब यह लगता है कि यह मामला बारिश के बाद तक के लिए टल गया है।







## वो बाइक पर आए कचरा फेंक गए और झूलेवाले ने आग लगा दी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कई जगह निगम का कचरा वाहन ज्यादा कचरा होने पर नहीं लेता है इसलिए लोग फिर कचरा थैले में भरकर फेंकने की जुगत करते हैं। ऐसा ही एक मामला शहर के मध्य खजूरी बाजार के समीप कुंवर मंडली स्थित जामा मस्जिद की दीवार और भगवती काम्पलेक्स के बीच की छोटी गली में दो युवक बाइक से आए कचरे का थैला फेंक गए उधर से एक झूलेवाला निकला और उसने इस कचरे के थैले में आग लगा दी और वह आग लगाकर आगे बढ़ गया और बाद में आग का गुबार बन गया और देखते ही देखते लोग झांकने लगे कि आग कहां लगी है, धुआं कहां से उठ रहा है, तब वीडियो खंगाले गए तब पता पड़ा कि घटना इस तरह से घटी है कि कचरा फेंकने वाले कचरा फेंक गए, आग लगाने वाला आग लगाकर निकल गया और बाद में आग के साथ धुएं की लकीर बन गई।

# निगम ने 21 निर्माण कार्य रुकवाए

## नर्मदा के पानी से निर्माण करने के कारण कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के द्वारा शहर में नर्मदा के पानी का दुरुपयोग करने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। इसके तहत निगम के द्वारा किस स्थान पर चल रहे भवनों के निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है। इन स्थानों पर नर्मदा एवं बोरिंग के पानी से भवन का निर्माण किया जा रहा था।

शहर में मौजूद जनसंख्या के बीच वर्तमान में मौजूद पानी का दुरुपयोग रोकने की दिशा में भी निगम के द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शहर में कई स्थानों पर इस समय मकान और बहुमत जिला इमारत का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे निर्माण में ड्रेनेज का ट्रीट किया गया पानी ही उपयोग में लाया जाना चाहिए। इस बारे में नगर निगम के द्वारा पहले भी नियम बनाए जा चुके हैं। निगम की ओर से सभी निर्माण कर्ता व्यक्तियों अथवा एजेंसियों को भी इस बारे में चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद निर्माण कर्ताओं के द्वारा इस स्थिति पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इस समय शहर में जिस तरह का पानी का संकट है उस तरह के संकट के चलते हुए पानी का निर्माण कार्य में उपयोग मूलत दुरुपयोग की श्रेणी में आता है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए अब नगर निगम के द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई शहर में जल संरक्षण एवं भूजल दोहन को रोकने के उद्देश्य से निर्माण कार्यों में ट्रीटेड वाटर के उपयोग को अनिवार्य बनाए जाने के लिए की गई है। कल नगर निगम के भवन अधिकारियों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भवनों की जांच की गई, जिनमें ट्रीटेड वाटर के उपयोग की स्थिति का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई निर्माण स्थलों पर अब भी ट्रीटेड वाटर का उपयोग नहीं किया जा रहा था। इस पर निगम द्वारा संबंधित भवन संचालकों एवं निर्माण एजेंसियों को नोटिस जारी करते हुए तत्काल नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। निगम ने 21 निर्माणाधीन भवनों में ट्रीटेड वाटर का उपयोग नहीं पाए जाने पर निगम द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित निर्माण कार्यों को तत्काल प्रभाव से बंद करवाया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।

### 30 भवन के लिए जमा हुआ पैसा

निगम के द्वारा जब यह कार्रवाई शुरू की गई तो उसके बाद में भवन का निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई से बचने के लिए तत्काल 30 भवन के निर्माता के द्वारा निगम में पैसा जमा करवाते हुए ट्रीट किए गए पानी को उन्हें निर्माण कार्य के लिए उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। ध्यान रहे कि नगर निगम के द्वारा पैसा जमा कराए जाने पर किस तरह के पानी का टैंकर निर्माण स्थल पर पहुंचाया जाता है। अब जब निगम के द्वारा कारवाई शुरू की गई है तो भवन बनाने वालों ने भी उपयोग के पानी को बदलने में तत्काल पहल कर दी है।

# गन्ने का छिलका जला रहा था, लगा 3 हजार का फटका

## *निगम की टीम पहुंची तो करने लगा बहस*



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वार्ड 16 के श्रीराम नगर बांगड़दा रोड पर कचरा जलने के बाद धुआं ऊपर तक उठ रहा था। लोगों ने शिकायत की तो वहां निगम के सहायक सीएसआई भारत करोसिया पहुंचे और देखा कि वहां गन्ना से रस निकालने के बाद बचा हुआ छिलका जो सूख गए थे उन्हें जलाया जा रहा था। जलाने से मना किया तो नानालाल कुमावत बहस करने लगे। करोसिया ने फटकार लगाई तो कुमावत ने बताया कि वह सियागंज में गन्ने की रस की दुकान लगाता है जो हमेशा गन्ना का छिलका लेने आता है वह तीन दिनों से नहीं आया है इसलिए यह गन्ना छिलका जलाया जा रहा है। भारत करोसिया, लाखन पंवार, आशीष करोसिया, सचिन सिरसिया ने बात कही तो कुमावत ने बहस भी की, आखिरकार 3 हजार रु. का जुर्माना लगाकर रसीद भी काटी गई।

# व्यापारियों के लिए कठिन समय में धैर्य की जरूरत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भारतीय उद्योग मंडल से जुड़े अक्षय जैन ने बताया कि इस समय व्यापार की स्थिति मंदी के साथ है और इस विकट समय में व्यापारी वर्ग आर्थिक दिक्कत के साथ काम कर रहा है। बाजार खुले हैं, दुकानें सजी हैं, ग्राहक भी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन मुद्रा का प्रवाह मानो थम सा गया है। व्यापार का वास्तविक आधार केवल माल की खरीद-बिक्री नहीं, बल्कि बाजार में निरंतर चलने वाला धन का विनिमय चक्र होता है। जब यही चक्र धीमा पड़ने लगे, तब व्यापारिक व्यवस्था पर संकट गहराने लगता है। व्यापारी इन हालातों में दबाव में है। माल की बिक्री सीमित है, उधारी बढ़ रही है, हर व्यापारी पर किराया, वेतन, बिजली, टैक्स और देनदारियां का दबाव भी बना हुआ है इससे व्यापारी मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहा है, क्योंकि पैसे की आवक कमजोर है। अक्षय जैन ने कहा कि इस समय व्यापारियों को घबराने के बजाय संयम, रणनीति और सामूहिक सहयोग का मार्ग अपनाना होगा। सबसे पहले व्यापारियों को अनावश्यक विस्तार और दिखावटी खर्चों पर नियंत्रण करना होगा। वर्तमान समय 'कैश फ्लो प्रबंधन' का समय है, न कि केवल लाभ प्रतिशत देखने का। कम लाभ पर भी नियमित नकद व्यापार बाजार को जीवित रख सकता है। उधारी नियंत्रण और समयबद्ध भुगतान व्यवस्था को प्राथमिकता देना आवश्यक है। डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन प्रचार, ग्राहक डेटाबेस और तकनीक आधारित प्रबंधन को अपनाना समय की आवश्यकता बन चुका है। जो व्यापारी बदलते बाजार व्यवहार को समझेगा, वही टिक पाएगा। केन्द्र और प्रदेश के साथ नगर निगम को भी समझना होगा कि व्यापारी केवल करदाता नहीं, बल्कि देश की आर्थिक धुरी है। यदि बाजार कमजोर होगा तो रोजगार, उत्पादन और राजस्व तीनों प्रभावित होंगे। छोटे व्यापारियों के लिए सरल ऋण, कर राहत, ब्याज नियंत्रण और स्थानीय व्यापार संरक्षण जैसी नीतियाँ समय की माँग हैं।

# केंद्रीय सर्वेक्षण टीम से की रैंकिंग नहीं देने की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

स्वच्छता में लगातार नंबर वन का खिताब जीतना इन्दौर के हर रहवासी का सौभाग्य है, लेकिन खिताब के चक्कर में स्वच्छता प्रहरी सफाईकर्मियों का शोषण करना बेहद दुखदायी और शर्मनाक है। इन्दौर नगर निगम के माध्यम से नये-नये नवाचार करने वाले इंदौर शहर को पुनः नंबर वन बनाने की होड़ में नगर निगम और जिला प्रशासन अमानवीयता पर उतर आया है। कागजी पुरस्कारों और झूठी वाहवाही के चक्कर में शहर के असली 'स्वच्छता प्रहरियों' (सफाई कर्मचारियों) और दरोगाओं का 45डिग्री भीषण गर्मी में भयंकर शोषण किया जा रहा है। यह गंभीर आरोप राष्ट्रीय कर्मचारी नेता मुकेश मेहना एवं दलित कांग्रेस नेता प्रकाश महावर कोली ने यहां जारी एक प्रेस बयान में लगाए हैं। सर्वेक्षण टीम को गुमराह करने का खेल खेला जा रहा है, शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आई हुई है। नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारी और महापौर पुष्यमित्र भार्गव सोची-समझी साजिश और 'नवाचार' के नाम पर सर्वेक्षण टीम को केवल चुनिंदा, साफ-सुथरे और वीआईपी इलाकों का दौरा करवा रहे हैं, जबकि बस्तियों की बदहाली और जमीनी हकीकत यह है कि इंदौर की गरीब बस्तियों और बैकलाइनों में आज भी गंदगी का अंबार लगा है। ड्रेनेज और पीने के पानी की पाइपलाइन के नाम पर पूरी सड़कें खुदी पड़ी हैं। शहरवासी धूल, बड़े-बड़े गड्ढे और गंदगी देखकर भी प्रशासन के खौफ के कारण कुछ बोल नहीं पा रहे हैं। मेहना एवं कोली ने दिल्ली से आई केंद्रीय सर्वेक्षण टीम से पुरजोर मांग की है कि बदहाल यातायात व्यवस्था, बस्तियों में गंदगी और भीषण संकट को देखते हुए? इस बार इंदौर को स्वच्छता रैंकिंग में कोई स्थान दिया जाना क्या उचित होगा?



## घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया तो मिला पुरस्कार

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने के मामले में सरकार राहवीर योजना के अन्तर्गत प्रोत्साहन स्वरूप 25 हचार रु. की राशि और सम्मान पत्र भी देती है। इसी कड़ी में नीलेश गौर ने भी घायल को अस्पताल पहुंचाया था और उनके इस नवजीवन देने वाले कार्य पर उन्हें राहवीर अवार्ड और प्रशस्ती-पत्र के साथ 25 हजार रु. का पुरस्कार भी सरकार की ओर से दिया गया। यह पुरस्कार कलेक्टर शिवम वर्मा ने नीलेश गौर को दिया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 19 जून को कमलाकेसर नगर निवासी नितेश पिता मधुकर रिक्शा पलटने से घायल हो गए थे और निलेश गौर ने उन्हें अरबिन्दों अस्पताल पहुंचाया था।



# नानी बाई का मायरा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संजय कृष्ण त्रिवेदी के मुखराबिंद से कनाड़िया रोड पर नानी बाई रो मायरा का आयोजन किया गया। सूरज जोशी, पूनमचंद जोशी, मुकेश जोशी, हीरालाल जोशी, ईश्वर जोशी ने अतिथि रूपेश पाल, दिनेश, राकेश यादव, नकुल गोयल, महेश शर्मा का स्वागत किया और सभी ने व्यासपीठ का पूजन भी किया।

# राह चलते लोगों ने ठंडा जल पीकर ली राहत



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इस समय नवतपा में भीषण गर्मी और लू के साथ उमस का एहसास हो रहा है। खासतौर से दोपहर में रोड पर निकले लोगों को अगर ठंडा पानी मिल जाए तो बात कुछ अलग है। कल राजमोहल्ला चौराहा पर अभिआमंत्रित समिति ने ठंडा जल वितरण का आयोजन किया और समिति के सदस्य धूप में खड़े होकर लोगों को ठंडा पानी पिला रहे थे। इस दौरान महेश शर्मा, जितेंद्र करोसिया, इंदर पहलवान, सरवन लोधी, विशाल ढकोनिया, विक्रम ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।



# सुन्दर कांड का सामूहिक पाठ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में कल महंत मंगलदास महाराज के सानिध्य में सुन्दरकांड का पाठ किया गया। बड़ी संख्या में युवा भी शामिल हुए। आज एकादशी पर महिला मंडल भजन का आयोजन करेगी।



# शैक्षणिक एवं पारमार्थिक न्यास के हुए चुनाव







इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्रीमंत महाराजा तुकोजीराव क्लाथ मार्केट मर्चेन्ट एसोसिएशन शैक्षणिक एवं पारमार्थिक न्यास की बैठक में पदाधिकारियों के चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें सर्वानुमति से हंसराज जैन अध्यक्ष, निर्मल सेठी मंत्री और चंद्रप्रकाश गंगवाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। पदाधिकारियों को मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बधाई दी। इधर क्लाथ मार्केट मर्चेन्ट्स एसोसिएशन का भी कार्यकाल फरवरी माह में समाप्त हो गया है। वर्तमान पदाधिकारियों ने कुछ माह के लिए अपना कार्यकाल आगे बढ़ाया है। जुलाई माह में यह चुनाव होने के आसार है। इसके लिए चुनावी रणनीतियों की चर्चाएं भी शुरू हुई।




# इंडियास ग्रेटेस्ट टैलेंट शो का खिताब

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंडिया'स ग्रेटेस्ट टैलेंट शो सीजन 8 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन में सेंट अर्नोल्ड योगासन अकैडमी की टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर विजेता बनी, इनमें 10 प्रतिभाशाली बच्चों गौरव चक्रवर्ती, यथेष्ठ रसीले, देवांश चौधरी, मनन जोशी, ओझल जोशी, त्वरा जोशी, प्रज्वल खरपड़े, पर्व श्रीवास्तव, जीविका जादौन एवं नायशा अग्रवाल ने उमदा प्रदर्शन किया और ट्रॉफी जीती और प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किया। निर्णायक टायगर पॉप थे। आयोजक आकाश मित्तल थे।

# जैन और लुहाड़िया को जिम्मेदारी





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। तुकोगंज स्थित समवशरण दिगम्बर जैन मंदिर के चुनाव में सर्वानुमति से हसमुख जैन गांधी गौरव अध्यक्ष एवं सुमत जैन लुहाड़िया अध्यक्ष मनोनित किए गए। ट्रस्टी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। आजाद जैन, अशोक खासगीवाला, अमित कासलीवाल, डॉ. जैनेन्द्र जैन, टीके वेद, डीके जैन, मनोज मुकेश बाकलीवाल ने बधाई दी है।

# पालीवाल समाजजनों ने किए कीर्तन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी से जुड़े समाजजनों ने राम नगर मूसाखेड़ी में मंदिर में भजन संध्या और रात्रि जागरण का आयोजन किया। राकेश जोशी, रोहित पालीवाल,



पीयूष पालीवाल, आकाश व्यास, मनोज जोशी,पंडित रवि जोशी, दिव्यांशु पालीवाल, लवी जोशी सहित अन्य मौजूद थे। सभी ने राजस्थानी भजन पर भी भगवान के कीर्तन का नृत्य कर लुत्फ लिया।




# अग्रवाल सखियों ने लिया मॉकटेल बनाने का प्रशिक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अग्रवाल समाज महिला प्रकोष्ठ से जुड़ी 100 से अधिक मातृशक्तियों ने लव यू जिंदगी श्रृंखला में मॉकटेल बनाने का प्रशिक्षण लोकेश से लिया। अतिथि सुदीप सेठी थे। अलग-अलग प्रतियोगी गेम कराए गए, जिसमें डॉ. सोनाली, संगीता, नीलम, मोनिका, स्नेहा, तिल्लोत्तमा, अनुजा, डांस में पूनम, कविता, करुणा, नेहा, मधु, कृष्णा, काजल, स्मिता, कृष्णा, नीना विजेता रही, जिन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रतिभा मित्तल और मन जैन ने अपनी भूमिका निभाई।

# हनुमत महायज्ञ आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हरिधाम कैट रोड पर हनुमत महायज्ञ की चौपाइयां और रामकथा की मंगल ध्वनि गूंज रही है। श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है।






# हनुमानजी का हुआ राधारमण सरकार शृंगार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सुभाष चौक-राजवाड़ा स्थित हनुमानजी का हमेशा विशेष शृंगार धार्मिक रूप से चर्चा में रहता है। कल भी हनुमानजी का राधारमण सरकार शृंगार दर्शन करने श्रद्धालु देर रात तक मंदिर पहुंचते रहे।

# पत्रकार नागर को पितृ शोक

इंदौर। पत्रकार और नागर समाज से जुड़े लोधीपुरा निवासी रामकृष्ण नागर नाना, प्रवीण नागर के पिताजी रमाकांत नागर का निधन हो गया। शवयात्रा आज लोधीपुरा गली नं. 2 से शाम 5 बजे निकलकर पंचकुइया मुक्तिधाम पहुंचेगी। कई राजनेताओं के अलावा मीडियाकर्मियों, नागर समाजजनों ने निधन पर शोक जताया।



# स्वामी भास्करानन्द करा रहे हैं कथा का रसपान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गीता भवन मंदिर में स्वामी भास्करानन्द के श्रीमुख से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कमला देवी, बाबूलाल मंगल की स्मृति में पुत्र संजय किरण मंगल द्वारा यह आयोजन कराया जा रहा है। कथा रोजाना दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक चल रही है, आज कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन होगा। व्यासपीठ का पूजन संजय-किरण मंगल, बिनोद-सुनीता अग्रवाल, अवनि-अनंत अग्रवाल, मोतीलाल लश्कर, हर्ष फिरोदिया, संजीव सचदेवा, विनीता-अक्षत अग्रवाल, चंचल अग्रवाल आदि ने किया।



# ग्लैमर और ब्यूटी मंच पर मॉडल्स ने बिखेरा जलवा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

माई मंगेशकर सभागार में खूबसूरती, फैशन और मेकअप कला का संगम देखने को मिला। 'क्वीन 2026 इंटरनेशनल मेकअप वन डे सेमिनार एंड टाइटल अवॉर्ड शो' के आयोजन में ब्यूटी और फैशन इंडस्ट्री से जुड़ी प्रतिभाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मॉडल्स, मेकअप आर्टिस्ट, हेयर स्टाइलिस्ट और फैशन प्रेमी मौजूद रहे। आयोजन की आयोजक एवं मेकअप-हेयर आर्टिस्ट संगीता परदेसी ने बताया कि ब्यूटी आर्टिस्ट केवल मेकअप तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने की एक रचनात्मक कला है।26 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न राउंड में मॉडल्स ने आकर्षक रैंप वॉक कर दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। मंच पर पारंपरिक और मॉडर्न फैशन का खूबसूरत संगम देखने को मिला। रैंप पर मॉडल्स के आत्मविश्वास और प्रस्तुति ने मौजूद लोगों को खासा प्रभावित किया।

# मयंक काबरा सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लायंस अंतरराष्ट्रीय महाधिवेशन में लायन मयंक काबरा को सर्वश्रेष्ठ क्लब अध्यक्ष चुनकर उन्हें चार ऐतिहासिक अवार्ड्स से सम्मानित किया। रमेश-सुषमा काबरा जो पूर्व गवर्नर रह चुके है। मयंक उनके पुत्र है। यह पुरस्कार डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की, मनीष शाह सहित अन्य ने दिया।

# जायन्ट्स वेलफेयर फाउन्डेशन की मीटिंग

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जायन्ट्स वेलफेयर फाउन्डेशन की द्वितीय फेडरेशन कौंसिल मीटिंग होटल में मुद्दों पर आयोजित की गई। जायन्ट्स प्रार्थना का वाचन सामूहिक रूप से किया गया। इस दौरान एसपी चतुर्वेदी, श्याम गोयल, रामनाथ अग्रवाल, दीपिका शर्मा, एमजी पारीक, रमणिकलाल सोनी, सुनील पांडे, डॉ. प्रवीण शर्मा, अनिल व्यास, दीपाली गुप्ता, रणवीर कर्ण, बसंत शर्मा, गुरमीतसिंह बावरा, नरेन्द्र मंगल, महेश गिरि सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



# मीडियाकर्मी और परिजनों ने लिया हेल्थ कैम्प में भाग



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर प्रेस क्लब और मेडिकल कॉलेज अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में मीडियाकर्मियों और उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। दो दिनों के इस कैम्प में 140 लोगों ने लाभ लिया। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, अभय तिवारी, श्याम कामले, लक्ष्मीकांत पंडित, प्रदीप जोशी रवीन्द्र कुशवाह, राकेश, डॉ. साधना, डॉ. शक्तिवर्धन मौजूद थे।



# करणी सेना में मनीषा गोस्वामी को जिम्मेदारी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। करणी सेना मध्यप्रदेश द्वारा इंदौर निवासी मनीषा गोस्वामी को करणी सेना मध्यप्रदेश की 'प्रदेश उपाध्यक्ष महिला शक्ति' पद पर योगेन्द्र सिंह डोडिया ने नियुक्त किया।

# रेलवे अधिकारी का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लुधियाना पंजाब से आए रेलवे अधिकारी सुनील बजाज एवं परिवार का मां वैष्णो देवी भक्त युवा मंडल के धर्मेंद्र जोशी ने सम्मान किया।



# शंकराचार्य ने किए बड़े बप्पा के दर्शन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। काशी सुमेरु पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रचंद्र सरस्वती महाराज कल इन्दौर पहुंचे और सीधे वे बड़ा गणपति मंदिर पहुंचे जहां उन्होने बड़े बप्पा के दर्शन कर पूजा आराधना की और कई श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की। शंकराचार्य का सम्मान भी किया गया। श्रद्धालुओं से मुलाकात के बाद शंकराचार्य इन्दौर से धार के लिए निकले जहां धार भोजशाला में शंकराचार्य ने वाग्देवी की पूजा की और वहां से वापस इंदौर होते हुए महाकाल की नगरी उज्जैन की ओर प्रस्थान कर गए। इस दौरान प्रिंसपाल टोंग्या साथ में मौजूद रहे।

# अहिल्या जन्मोत्सव पर महानाट्य की प्रस्तुति



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। माता अहिल्या जन्मोत्सव पर विश्वविद्यालय सभागृह में दो दिन आयोजन किए। महानाट्य की प्रस्तुति भी दी गई। मानवेन्द्र त्रिवेदी, रेखा देशपांडे, मंजूश्री भोंगले, तृप्ति चौकसे शिवहरे,राज बेंद्रे,स्नेहा मोड़क, श्रीकांत भोगले, डॉ. छाया नाइक, नवीन धोडपकर, नीतू कवठेकर, रेणुका अर्वीकर, रिद्धिमा तावसे, मंजुश्री भोगले, श्रीकांत भोगले, दिलीप खोपकर, सार्थक अर्वीकर, स्वरा गोड़बोले, कवीर मोडक ने अपनी भूमिका निभाई।



# वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान और सेमिनार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आयुर्वेद महासम्मेलन के 120 वर्ष पूर्ण होने पर आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान भी हुआ और सेमिनार भी आयोजित किया गया। इस स्थापना दिवस पर सोमेश्वर मंदिर टेलीफोन नगर में 120 मरीजों की जांच कर उन्हें आयुर्वेदिक औषधियां भी जिला आयुष विभाग के सहयोग से दी गई। पार्षद मुद्रा शास्त्री, सुहास यादव, डॉ. एपीएस चौहान, डॉ. आरके वाजपेयी, डॉ. लोकेश जोशी, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, डॉ. एम हनीफ खान, नीरज व्यास ने मौजूद रहकर अपनी भूमिका निभाई।

# शासकीय जमीन की सुरक्षा के लिए बनेगी चार दिवारी



**इंदौर।** विधानसभा 2 के अंतर्गत योजना 78 में स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर के सामने लंबे समय से खुली पड़ी शासकीय भूमि पर शेष सीमा पर अब निगम सुरक्षा व्यवस्था मजबूत और पुख्ता करने के लिए चार दिवारी का निर्माण करेगा। यही नहीं इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ यहां का काम लेने वाले ठेकेदार को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए चार दिवारी के साथ कांटेदार तार लगाकर बीम बिछाकर कब्जे रोकने के लिए फुटपाथ का निर्माण भी करना है। जिसके तहत शेष खाली भूमि पर फुटपाथ निर्माण के लिए आकर्षक ब्लॉक भी लगाए जाएंगे।

खास बात यह है कि निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर योजना क्रमांक 78 के अंतर्गत सालों से ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर के सामने खाली पड़ी शेष भूमि पर अवैध कब्जे रोकने के लिए भूमि के चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत मजबूत चार दिवारी के साथ कांटेदार लोहे के तार लगाकर फुटपाथ का निर्माण भी किया जाएगा। जिसके तहत सुरक्षा व्यवस्था के बाद आकर्षक ब्लॉक लगाकर फुटपाथ भी तैयार होंगे। जिसका लाभ आने वाले दिनों मैं आसपास के रह वासियों को मिलेगा। जिसको लेकर निगम द्वारा हाल ही में निविदा भी जारी कर दी गई है। जिसके तहत लाखों रुपए खर्च कर निगम सबसे पहले सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करेगा उसके बाद क्षेत्र के रहवासियों के जनउपयोग के हिसाब से क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार खुली भूमि का उचित उपयोग करेगा।

# सालों पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर होगा सीमेंटीकरण



**इंदौर।** विधानसभा एक के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में स्थित रघुवंशी कॉलोनी में प्लाट संख्या 47 से 64 में रोड से राम मंदिर के निकट लंबे समय से क्षतिग्रस्त सालों पुरानी जल निकासी लाइन बदलकर निगम द्वारा बारिश से पहले नई लाइन बिछाकर सीमेंट कंक्रीट कार्य भी किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को सालों पुरानी समस्या से राहत मिलेगी। इसको लेकर निगम द्वारा टेंडर संबंधित निविदा जारी भी कर दी गई है। वहीं अब आने वाले दिनों में बेहद जल्द काम भी शुरू कर दिया जाएगा ताकि लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो।

**मामला रघुवंशी कालोनी क्षेत्र का**

### अभी हर साल लोगों की मानसून सीजन में जल जमाव की शिकायत

वहीं बड़ी बात यह है कि अभी हर साल क्षेत्र के लोगों को सड़क के लेवल और आधी अधूरी ड्रेनेज लाइन के कारण बारिश के दौरान जल जमाव की शिकायत रहती है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी लंबे समय से जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर रहे थे। वही अब जाकर यहां के काम की मंजूरी के बाद अब अगले माह निविदा संबंधित तमाम प्रक्रिया पूरी होते ही हाथों हाथ काम भी शुरू हो जाएगा।

# मुम्बई सेंट्रल-इंदौर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे किए विस्तारित

**इंदौर।** गर्मी की छुट्टियों के कारण लगातार मुंबई रूट पर जबरदस्त भीड़-भाड़ और यात्रियों की लगातार मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखकर रेलवे द्वारा मुम्बई सेंट्रल से इंदौर के मध्य चलने वाली 09085/09086 मुम्बई सेंट्रल इंदौर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे पुनः विस्तारित किए जा रहे है। पश्चिम रेलवे रतलाम मण्डल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार है :- ट्रेन संख्या 09085 मुम्बई सेंट्रल इंदौर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा 29 मई 2026 तक निर्धारित है, 27 जुलाई 2026 तक मुम्बई सेंट्रल से चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09086 इंदौर मुम्बई सेंट्रल द्वि-साप्ताहिक स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा 30 मई 2026 निर्धारित है, 28 जुलाई 2026 तक इंदौर से चलेगी। वहीं यह ट्रेन पूर्व निर्धारित मार्ग, कोच कंपोजिशन, दिन एवं ठहराव के साथ ही चलेगी। इनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। गाड़ी संख्या 09085/09086 मुम्बई सेंट्रल इंदौर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के विस्तारित फेरों की बुकिंग सभी यात्री आरक्षण केन्द्रों एवं आईआरसीटीसी की वेबसाइट से शुरू हो गई है। ट्रेनों के बारे में अद्यतन जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।



# दुकानों के पीछे गंदगी और मच्छरों से मिलेगी राहत

**24 लाख खर्च कर मार्केट के पीछे की पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर नई बिछाएगा निगम**



**इंदौर।** राऊ विधानसभा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 80 से जुड़े क्षेत्र राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन के सामने राजेंद्र नगर मेंनरोड मुख्य सड़क पर दुकानों के पीछे सालों पुरानी क्षतिग्रस्त जल निकासी लाइन को बदलकर अब निगम यहां बारिश से पहले नई लाइन बिछाने की तैयारी कर रहा है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासी और व्यापारियों की मांग पर करीब 24 लाख रुपए के आसपास खर्चकर सालों पुरानी लाइन बदलकर नई लाइन बिछाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। जिसके लिए बकायदा निगम द्वारा निविदा भी जारी कर दी गई है। नई निगम द्वारा इस काम के पूरे होने के बाद क्षेत्र के रहवासी और व्यापारियों को नई लाइन डालने से मच्छर और गंदगी से भी निजात मिल जाएगी। साथ ही आने वाले मानसून सीजन में बड़ी राहत मिलेंगी।

**सालों बाद पूरी होगी मांग, निगम डालेगा लाखों खर्चकर नई लाइन-** वहीं बड़ी बात यह है कि राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन के पास राजेंद्र नगर मेंनरोड पर सालों बाद क्षेत्र के रहवासियों और व्यापारियों की मांग पर निगम द्वारा विधायक मधु वर्मा के प्रयासों से वार्ड क्रमांक 80 से जुड़े क्षेत्र में लंबे समय के बाद सालों पुरानी क्षतिग्रस्त जल निकासी लाइन को बदलकर अब नई लाइन डालने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि अगले माह की शुरूआत में बेहद जल्द निविदा संबधित प्रक्रिया के बाद हाथों हाथ काम भी शुरू हो जाएगी। ताकि आने वाले मानसून सीजन में लोगों को गंदगी और मच्छरों के प्रकोप से मुक्ति मिल सके। साथ ही हर साल बरसात में सालों पुरानी ड्रेनेज लाइन चौक होने की परेशानी से भी राहत मिल सके।

# सीमेंट कंक्रीट कार्य के लिए निगम ने शुरू की तैयारी



**इंदौर।** विधानसभा एक के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 में कुशवाह नगर सेक्टर सी लेन से कुशवाह नगर मेंनरोड तक क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर नई सीमेंटेड सड़क की सौगात देने की तैयारी निगम ने शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा इस काम पर लगभग 26 लाख रुपए के आसपास खर्च कर कुशवाह नगर सेक्टर सी लेन से लेकर मेंन रोड तक बारिश से पहले नई सीमेंटेड सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है। यही नहीं अगले माह में टेंडर संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद निगम द्वारा बेहद जल्द यहां काम भी शुरू कर दिया जाएगा ताकि लोगों को लंबे समय से ऊबड़-खाबड़ सड़क से हो रही परेशानी से भी लंबे समय के बाद बड़ी राहत मिलेंगी।

# बारिश से पहले मिलेगी नई सड़क की सौगात



**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 के अंतर्गत आलोक नगर स्थित पांडे हाउस रोड से लेकर हाई टेंशन लाइन के पास तक क्षेत्र के रहवासियों को पहली बार नई सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों में बहुत खुशी है। क्षेत्रीय पार्षद मलखान कटारिया ने बताया विधायक महेंद्र हार्डिया और महापौर पुष्पमित्र भार्गव के प्रयासों से आलोक नगर कालोनी बस्ती क्षेत्र में रहवासियों की लगातार मांग के बाद विधायक के प्रयासों से अब यहां अगले माह बारिश शुरू होने से पहले बड़े हिस्से में खुदाई कर जल्द नहीं सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य पूरा करने की तैयारी है। जिसको लेकर निगम द्वारा हाल ही में निविदा संबंधित प्रोसेस शुरू कर दी गई है।

वहीं पार्षद कटारिया ने बताया जिसके अंतर्गत निगम द्वारा लगभग 43 लाख रुपए के आसपास खर्च कर वार्ड 51 के आलोक नगर क्षेत्र में सालों बाद नवीन सीमेंटेड सड़क निर्माण की सौगात दी जा रही है। जिसका निर्माण कार्य निगम द्वारा अगले माह आने वाला मानसून सत्र शुरू होने से पहले बेहद जल्द शुरू कर क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत देने की तैयारी है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को कीचड़ और गंदगी से भी मुक्ति मिलेगी।

## संपादकीय

# हिंद-प्रशांत में बढ़ता तनाव और समुद्री रास्तों की सुरक्षाः क्वाड बैठक में गूंजा मुक्त व्यापार का मुद्दा

यह बात छिपी नहीं है कि इस क्षेत्र में चीन अपनी सैन्य सक्रियता बढ़ाने की कोशिश में जुटा है, ताकि उसका दबदबा कायम हो सके और वह अपने हितों के अनुरूप इस समुद्री क्षेत्र का इस्तेमाल कर सके। (बाएं से) ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो, 26 मई, 2026 को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आयोजित एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। वैश्विक व्यापार के विस्तार के लिए यह जरूरी है कि समुद्री क्षेत्र पूरी तरह खुले एवं स्वतंत्र हों। विश्व की मौजूदा व्यवस्था में हर देश की अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर काफी हद तक निर्भर करती है। ऐसे में अगर किसी समुद्री क्षेत्र पर एक देश का कब्जा हो जाए, तो वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से अन्य देशों के हित स्वाभाविक रूप से प्रभावित होंगे, जैसा कि होर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध करने से दुनिया भर में ऊर्जा का संकट पैदा हो गया है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भी इस तरह की आशंकाएं व्यक्त की जाती रही हैं, क्योंकि चीन इस क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने की लगातार कोशिश करता रहा है। यही वजह है कि चार देशों के संगठन क्वाड (Quadrilateral Security Dialogue) की नई दिल्ली में मंगलवार को हुई बैठक में इस मसले पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समुद्री निगरानी और बंदरगाह अवसंरचना को मजबूत करने के लिए नए उपायों की घोषणा भी की गई। साथ ही इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता को खतरे में डालने, बल प्रयोग या दबाव बनाने वाली एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध किया गया। क्वाड में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। इसके गठन का मूल उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के साथ जहाजों की मुक्त आवाजाही को बनाए रखना है। यह बात छिपी नहीं है कि इस क्षेत्र में चीन अपनी सैन्य सक्रियता बढ़ाने की कोशिश में जुटा है, ताकि उसका दबदबा कायम हो सके और वह अपने हितों के अनुरूप इस समुद्री क्षेत्र का इस्तेमाल कर सके। होर्मुज जलमार्ग को बाधित करने से उपजे वैश्विक संकट के मद्देनजर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मुक्त आवाजाही का मसला और भी ज्यादा प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि वैश्विक समुद्री व्यापार का साठ प्रतिशत इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है। ऐसे में अगर भविष्य में होर्मुज जलमार्ग जैसी जटिल स्थिति इस क्षेत्र में पैदा होती है, तो दुनिया में कितना बड़ा संकट खड़ा हो सकता है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इसलिए जरूरी है कि सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार के लिए अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। भारत ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख देश का अभिन्न हिस्सा हैं और इस मुद्दे पर किसी भी दूसरे देश की टिप्पणी स्वीकार नहीं की जाएगी।

# घर से सोने-चांदी के जेवर और नगदी ले उड़े चोर

*इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर ने एक मकान से सोने-चांदी के जेवर और नगदी पार कर दी। घटना दिनदहाड़े हुई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी ज्योति मालवीय निवासी सिंगापुर टाउनशिप ब्रिटिश पार्क-01 ने पुलिस को बताया कि कल सुबह 10:30 से 11 बजे के बीच अज्ञात आरोपी उसके घर में घुसा और सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी चोरी कर ले गया। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिसका फायदा उठाकर चोर ने वारदात को अंजाम दिया। बाद में घर लौटने पर चोरी का पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। लसूड़िया पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।*

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 151100 | 157710 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 257500 | 272100 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# पीने के पानी से ऑटो धोने से रोका तो पत्थर मारकर सिर फोड़ा

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में पीने के पानी के दुरुपयोग को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि ऑटो चालक ने व्यक्ति पर पत्थर से हमला कर दिया। हमले में फरियादी के सिर में चोट आई है।

घटना पलसीकर चौराहा प्याऊ के सामने हुई। फरियादी राजू ओमजारे पानी भरने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान एक ऑटो चालक अपनी ऑटो के टायर प्याऊ के पानी से धो रहा था। फरियादी ने उसे पीने के पानी से वाहन धोने से मना किया, जिस पर आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि ऑटो चालक ने पास में पड़ा पत्थर उठाकर फरियादी के सिर पर दे मारा, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मोबाइल अपडेट करने के दौरान खाते से 1.48 लाख की ठगी

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में मोबाइल अपडेट के दौरान एक व्यक्ति के खाते से करीब डेढ़ लाख की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी ने यूपीआई के जरिए कई ट्रांजेक्शन कर रकम निकाल ली।

**मोबाइल रीसेट होते ही गायब हुआ डेटा**

फरियादी जितेंद्र त्रिपाठी निवासी सिंगापुर टाउनशिप फेज-2 ने पुलिस को बताया कि 24 मई की शाम करीब 5:20 बजे उनका मोबाइल ऑटोमैटिक अपडेट में चला गया। करीब 6 बजे मोबाइल चालू हुआ तो उसमें सारा डेटा गायब था और फोन पूरी तरह नए मोबाइल की तरह रीसेट हो गया था। इसी दौरान अज्ञात आरोपी ने उनके जी पे यूपीआई अकाउंट का दुरुपयोग करते हुए कई ट्रांजेक्शन कर लिए। आरोपी ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 1,48,700 रुपए खाते से निकाल लिए। घटना का पता चलने पर फरियादी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

# सिलेंडर के पैसे को लेकर हुआ विवाद

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में सिलेंडर के पैसे को लेकर हुए विवाद में ग्राहक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी डिलीवरी बॉय और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

फरियादी रफीक चौहान निवासी पाटनीपुरा चौराहा ने पुलिस को बताया कि कल दोपहर करीब 12:30 बजे चारभुजा स्वीट्स के सामने सिलेंडर लेने पहुंचे थे। इसी दौरान सिलेंडर देने वाले युवक ने 950 रुपए मांगे। फरियादी ने कहा कि स्लिप में 941 रुपए लिखे हैं और वह उतनी ही राशि देगा। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि डिलीवरी बॉय ने गाली-गलौज शुरू कर दी। वहीं मौके पर मौजूद उसके दो अन्य साथियों ने भी फरियादी को गालियां दीं और उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पद्म सम्मान की नई परंपरा : प्रसिद्धि नहीं, प्रतिबद्धता

# नई सोच, नए मानदंड से मिली पद्म पुरस्कारों की नई प्रतिष्ठा

### अब पुरस्कार नहीं, भारत के मौन नायकों का अद्भुत अभिनंदन



इंदौर ● दीपक जैन टीनू

भारत की लोकतांत्रिक संरचना में पुरस्कारों का महत्व प्रतीकात्मक नहीं होता। वे उस समाज की वैचारिक दिशा तय करते हैं, जो अपने नायकों का चयन करता है। पद्म पुरस्कारों का इतिहास भी इसी कसौटी पर परखा जाता रहा है। लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि ये सम्मान सत्ता के गलियारों में तय होते हैं। दिल्ली की पहचान, प्रभावशाली लॉबी, वैचारिक निकटता और राजनीतिक सुविधा चयन प्रक्रिया पर हावी रहती थी। परिणामस्वरूप देश के दूरस्थ हिस्सों में काम कर रहे असाधारण लोग राष्ट्रीय पहचान से वंचित रह जाते थे। पिछले कुछ वर्षों में इस सोच में निर्णायक परिवर्तन दिखाई दिया है। प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पद्म पुरस्कारों की प्रकृति बदली है। अब यह सम्मान सत्ता के परिचित चेहरों की सूची नहीं लगता, अपितु भारत के मौन परिश्रम का सार्वजनिक अभिनंदन प्रतीत होता है। यही सबसे बड़ा बदलाव है।

आज जब पद्म पुरस्कारों की घोषणा होती है, तब चर्चा किसी फिल्मी चमक या राजनीतिक समीकरण से अधिक उन लोगों पर होती है, जिन्होंने जीवन का बड़ा हिस्सा समाज के बीच बिताया। कोई आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा का दीप जला रहा था, कोई लोककला को बचाने में लगा था, कोई नदियों को पुनर्जीवित कर रहा था, कोई दिव्यांग बच्चों के जीवन में आशा भर रहा था। यह परिवर्तन आकस्मिक नहीं है। इसके पीछे शासन की वैचारिक प्राथमिकता बदलने का संकेत मौजूद है।

पहले पुरस्कारों के चयन पर अक्सर यह आरोप लगता था कि वे 'एलिट क्लब' के विस्तार भर हैं। राजधानी के प्रभावशाली वर्गों में चर्चित नाम राष्ट्रीय सम्मान तक सहज पहुंच बना लेते थे। कई बार विवाद इस कारण खड़े हुए कि जिन व्यक्तियों का योगदान सीमित था, वे सम्मानित हो गए; जबकि दशकों तक जनसेवा करने वाले लोग उपेक्षित रह गए। उस दौर में पुरस्कारों की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक था। समाज के भीतर यह भावना गहराती गई कि पद्म सम्मान प्रतिभा से अधिक पहुंच का परिणाम बन गए हैं!

यूपीए शासनकाल में अनेक चयन ऐसे रहे जिन पर सार्वजनिक बहस हुई। आरोप लगे कि विचारधारात्मक झुकाव, राजनीतिक समीकरण और प्रभावशाली नेटवर्क चयन प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। देश ने यह भी देखा कि कुछ नामों की घोषणा होते ही विवाद शुरू हो जाते थे। प्रश्न उठता था कि क्या वास्तव में यही भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि हैं? लोकतंत्र में सम्मान की गरिमा तब कम होती है जब जनता चयन प्रक्रिया पर भरोसा खोने लगे।

इसके विपरीत वर्तमान दौर में एक अलग दृष्टि दिखाई देती है। जनप्रिय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने कई बार सार्वजनिक मंचों से ऐसे 'अनसुने नायकों' का उल्लेख किया है, जो कैमरों और चर्चा की चमक-दमक से दूर रहकर समाज निर्माण कर रहे हैं। पद्म पुरस्कारों में उसी सोच का विस्तार दिखता है। अब देश का सामान्य नागरिक यह महसूस करता है कि यदि उसका कार्य असाधारण है, तो दिल्ली की सिफारिश के बिना भी देश उसे पहचान सकता है। यह बदलाव प्रशासनिक सुधार भर नहीं है। यह भारत की सांस्कृतिक चेतना का पुनर्संतुलन है। लंबे समय तक राष्ट्रीय विमर्श महानगरों के इर्द-गिर्द सीमित रहा। गांव, वनांचल, लोकभाषाएं, पारंपरिक ज्ञान और जमीनी समाजसेवा को वह स्थान नहीं मिला, जिसके वे अधिकारी थे। आज पद्म पुरस्कार उस उपेक्षित भारत को राष्ट्रीय मंच दे रहे हैं। इससे सम्मान की प्रतिष्ठा भी बढ़ी है और समाज का आत्मविश्वास भी। महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि अब पुरस्कारों को लेकर जनता में अपनापन दिखाई देता है। जब किसी छोटे गांव का शिक्षक, किसी जनजातीय क्षेत्र की महिला कार्यकर्ता या किसी लोक कलाकार को सम्मान मिलता है, तब पूरा समाज गौरव अनुभव करता है। यही लोकतांत्रिक सम्मान की असली सफलता है। पुरस्कार तब सार्थक बनते हैं, जब वे सत्ता की शोभा न बनकर समाज की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करें। आलोचना और तुलना राजनीति का स्वाभाविक हिस्सा है, फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि वर्तमान व्यवस्था ने पद्म पुरस्कारों की विश्वसनीयता को नए स्तर पर स्थापित किया है। चयन प्रक्रिया में विविधता बढ़ी है। जमीनी योगदान को महत्व मिला है। देश के दूरस्थ हिस्सों से प्रतिभाएं सामने आई हैं। इससे यह संदेश गया है कि राष्ट्र निर्माण का श्रेय कुछ स्थापित चेहरों तक सीमित नहीं है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में सम्मान व्यवस्था की निष्पक्षता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि पुरस्कार समाज के वास्तविक कर्मयोगियों तक पहुंचते हैं, तो वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जननेता श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने पद्म पुरस्कारों को उसी प्रेरणा का माध्यम बनाया है। यह बदलाव राजनीतिक विमर्श से ऊपर उठकर भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का संकेत देता है।

(लेखक भाजपा के कार्यकर्ता हैं)

# फीफा विश्वकप के लिए टीमों ने अपने बैस कैंप चुने, अधिकांश टीमें अमेरिका में करेंगी अभ्यास

**वाशिंगटन डीसी (अमेरिका)।** फीफा विश्व कप 2026 के लिए टीम बेस कैंप प्रशिक्षण स्थलों का खाका अंतिम रूप दे दिया गया है, जिसमें भाग लेने वाले सभी 48 देशों ने फुटबॉल के अब तक के सबसे बड़े वैश्विक आयोजन से पहले संयुक्त राज्य अमेरिका , मैक्सिको और कनाडा में अपने परिचालन अड्डों का चयन कर लिया है।



टीम बेस कैंप (टीबीसी), जो ग्रुप चरण के दौरान टीमों के लिए घर से दूर घर का काम करते हैं, पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और सहायक कर्मचारियों की मेजबानी करेंगे। फीफा ने पुष्टि की है कि 48 टीमों के इस विस्तारित टूर्नामेंट का अभूतपूर्व पैमाना विश्व कप के आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव को 16 आधिकारिक मेजबान शहरों से कहीं अधिक दूर तक फैलाएगा, जैसा कि फीफा की एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया गया है।

कुल 39 टीमें संयुक्त राज्य अमेरिका में रहेंगी , जबकि सात देशों ने मैक्सिको को चुना है और दो कनाडा में ही रहेंगी ।

फीफा विश्व कप 2026 के मुख्य परिचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने बेस कैंप नेटवर्क को अंतिम रूप देने को एक और महत्वपूर्ण संगठनात्मक उपलब्धि बताया।शिर्गी ने कहा, टीम बेस कैंप फीफा विश्व कप का एक अभिन्न अंग हैं। ये वो जगहें हैं जहां टीमें ठहरती हैं, प्रशिक्षण लेती हैं, आराम करती हैं और टूर्नामेंट की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों का अनुभव करती हैं।उन्होंने आगे कहा कि विस्तारित टूर्नामेंट ने विश्व कप के अनुभव में अधिक शहरों और समुदायों को शामिल करने का अवसर पैदा किया है।

चयन प्रक्रिया 2024 में शुरू हुई, जब फीफा ने संभावित क्वालीफाई करने वाली टीमों के साथ सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं की एक प्रारंभिक सूची साझा की। विकल्पों को 2025 तक परिष्कृत किया गया, जिसके बाद टीमों ने पिछले साल दिसंबर में विश्व कप ड्रॉ के बाद अपने अंतिम चयन किए।

कई पारंपरिक फुटबॉल दिग्गज टीमों ने अमेरिका में स्थित प्रमुख प्रशिक्षण केंद्रों को चुना है। विश्व चैंपियन अर्जेंटीना की मौजूदा टीम कंसास सिटी में स्पोर्टिंग केसी के प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण लेगी , जबकि ब्राजील की टीम ने न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी में कोलंबिया पार्क प्रशिक्षण सुविधा केंद्र को चुना है। इंग्लैंड की टीम भी कंसास सिटी के स्वोप सॉकर विलेज में ही अभ्यास करेगी, जहां नीदरलैंड्स की टीम भी खेलेगी। फ्रांस ने बोस्टन स्थित बेंटली विश्वविद्यालय को चुना है, जबकि जर्मनी विंस्टन-सलेम स्थित वेक फॉरेस्ट विश्वविद्यालय में खेलेगा।मेजबान देश संयुक्त राज्य अमेरिका ने कैलिफोर्निया के इरविन स्थित ग्रेट पार्क स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को अपना केंद्र चुना है, जबकि सह-मेजबान कनाडा और मैक्सिको क्रमशः वैंकूवर और मैक्सिको सिटी में रहेंगे । मेक्सिको में स्थित सात टीमों में कोलंबिया, कोरिया गणराज्य, उरुग्वे, दक्षिण अफ्रीका, ट्यूनीशिया और ईरान (जो तिजुआना में स्थित है) शामिल हैं।

इस बीच, उत्तरी अमेरिका के 25 गैर-मेजबान समुदाय राष्ट्रीय टीमों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं, जिससे छोटे शहरों और कस्बों को विश्व कप के माहौल और उससे जुड़े पर्यटन को बढ़ावा देने का मौका मिलेगा।

चैटानूगा, स्पोकेन, ग्रीन्सबोरो, पाम बीच गार्डन्स, सांता बारबरा और न्यू टेकुमसेथ जैसे समुदाय टूर्नामेंट के दौरान टीमों, प्रशंसकों और मीडिया की आमद से लाभान्वित होने की उम्मीद है।

### आज एक्शन में होंगे धुरंधर बल्लेबाज

# वैभव, अभिषेक, ईशान, क्लासेन दिखाएंगे जलवा



**मुल्लांपुर।** अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आज मुल्लांपुर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का ये एलिमिनेटर मुकाबला जोरदार होने की उम्मीद है। सनराइजर्स हैदराबाद को राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेज तर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा।

सनराइजर्स की टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने दूसरे चरण में लय हासिल कर ली। नियमित कप्तान पैट कमिंस के आने से भी टीम को काफी फायदा हुआ, क्योंकि उसने अपने इन आखिरी सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की।

सनराइजर्स ने लीग चरण में राजस्थान रॉयल्स को दो बार हराया था और इस तरह से कमिंस और उनकी टीम को बहुत अधिक दबाव वाले नॉकआउट मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। रॉयल्स के कप्तान रियाग पराग ने खुद स्वीकार किया कि उनकी टीम को लीग चरण के आखिरी दिन तक इंतजार करने से बहुत पहले ही क्वालीफाई कर लेना चाहिए था, लेकिन अब जबकि टीम वहां पहुंच गई है तब वह आगे बढ़ने के लिए बेताब होगी। रॉयल्स के शीर्ष क्रम में वैभव सूर्यवंशी (583 रन), यशस्वी जायसवाल (397) और ध्रुव जुरेल (458) ने सर्वाधिक रन बनाए हैं। सनराइजर्स की तरफ से भी शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा (563 रन), ट्रैविस हेड (393) और ईशान किशन (569) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन नंबर चार पर बल्लेबाजी करने वाले हेनरिक क्लासेन (606) का खास तौर पर जिक्र करना जरूरी है, क्योंकि उन्होंने अब तक शानदार बल्लेबाजी की है।

दोनों टीमों के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की विस्फोटक क्षमता के बावजूद जायसवाल और हेड के प्रदर्शन में उतनी निरंतरता नहीं रही है जितना वे चाहते थे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण टीम के आगमन को लेकर इंदौर अलर्ट मोड पर

**लगातार आठ बार देश का सबसे स्वच्छ शहर बनने वाले इंदौर में बढ़ाई गई निगरानी, अधिकारियों को क्षेत्र नहीं छोड़ने के निर्देश**

**इंदौर।** देशभर में स्वच्छता की मिसाल बन चुका इंदौर एक बार फिर स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। नगर निगम और संबंधित विभागों को सूचना मिली है कि स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम कभी भी शहर पहुंच सकती है। इसे देखते हुए आज सुबह से ही सभी जोन, वार्ड और विभागों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

नगर निगम मुख्यालय से जारी निर्देशों में अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार मौजूद रहने के लिए कहा गया है। साफ तौर पर निर्देश दिए गए हैं कि बिना अनुमति कोई भी अधिकारी अपना कार्यक्षेत्र नहीं छोड़ेगा। शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, उद्यानों और कचरा संग्रहण केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इंदौर लगातार आठ बार देश का सबसे स्वच्छ शहर बनने का रिकॉर्ड बना चुका है। शहर में प्रतिदिन लगभग 1300 से 1400 टन कचरे का संग्रहण किया जाता है, जिसमें से लगभग 100 प्रतिशत कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जाता है। नगर निगम के अनुसार शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था पूरी तरह लागू है और लगभग हर घर तक कचरा वाहन पहुंच रहे हैं। शहर में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्र करने की व्यवस्था भी प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है। सुबह से ही अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कचरा संग्रहण वाहनों की मॉनिटरिंग बढ़ा दी गई है, वहीं सार्वजनिक शौचालयों, गार्डनों और मुख्य मार्गों की विशेष साफ-सफाई कराई जा रही है। निगम अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण भी शुरू कर दिया है ताकि कहीं भी गंदगी या अव्यवस्था दिखाई न दे। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में अलग पहचान बनाई है और इस बार भी शहर को नंबर-1 बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं। गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान टीम बिना पूर्व सूचना के शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करती है। ऐसे में निगम प्रशासन किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं चाहता। पूरे शहर में सफाई व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और कर्मचारियों को चौबीस घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# विष्णुपुरी टाइटंस की जीत में सुरिंदर व जगदीप चमके



**इंदौर।** चढ़दी कला ट्रॉफी सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा में जहां चौको-छक्कों की बरसात हो रही है तो वहीं क्रिकेट प्रेमियों और समाज के लोगों का जमकर समर्थन मिल रहा है। प्रतिदिन समाज के हजारों लोग मुकाबलों को देखने पहुंचते है और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे है।

विष्णुपुरी के सचखंड मार्ग स्थित श्री गुरु अरजन देव जी खेल मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा के आठवीं दिन हुए मुकाबले में विष्णुपुरी टाइटंस ने गबरू इलेवन को आसानी से 10 विकेट से पराजित किया। गबरू इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 52 रन बनाए। रोहित अरोरा ने 28 रनों की उम्दा पारी खेली, जिसमें उन्होंने 4 छक्के लगाए। जवाब में हरमन सिंह, जसराज भाटिया, हरविंदर सिंह व रजक ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में विष्णुपुरी टाइटंस ने मात्र तीन ओवर में ही बिना विकेट खोए 54 रन बनाकर विजयश्री हासिल की। इस टाइटंस की ओर से 3 चौके और 3 छक्के की मदद से 12 गेंदों में 33 रन बनाए, जगदीप सिंह ने 14 रन बनाए।

मुकाबलों के दौरान पहुंचे आरएसएस के विभाग संघ संचालक डॉ. मुकेश मोड़, रत्नेश रघुवंशी ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों और आयोजकों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर अमरजीत सिंह बग्गा, प्रीतपाल सिंह भाटिया उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत हरपाल सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह सैनी, हरप्रीत सिंह बक्शी, अमरजीत सिंह भाटिया, सुखजिंदर चहल ने किया।

## निर्माण तोड़ने का हो रहा विरोध

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** चार दिन पहले गांधी नगर में 60 फीट मार्ग परशुराम रोड पर हुई तोड़फोड़ का रहवासी विरोध कर रहे हैं। कुछ लोगों ने कल भी बैठक आयोजित कर इस तोड़फोड़ को आगे धरना, प्रदर्शन की चेतावनी भी दी। खासतौर से गांधी नगर के व्यापारी नाराज है और यह नाराजगी जनप्रतिनिधियों को भी बताई जाएगी।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. नीलेश भूपतानी पिता विनोद भूपतानी 2. विभा भूपतानी पति नीलेश भूपतानी** पता 5 पार्क रोड 601-ए शेखर पार्क इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर सर्विस क्र.1001018170 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

## न्यूज इन बॉक्स

### मध्य प्रदेश रोल बॉल संघ में पदाधिकारी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय रोल बॉल संघ द्वारा मध्य प्रदेश रोल बॉल संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष अर्जुनसिंह चौहान, सचिव हेमंत जोशी, कोषाध्यक्ष अर्पित पटेल की नियुक्ति की गई। इस दौरान राजू दाभाडे मौजूद रहे। नए पदाधिकारियों ने नियुक्ति पर आभार माना।

### अंश यादव व अभियुग के शानदार प्रदर्शन से मां कनकेश्वरी क्लब फायनल में





**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड एक दिवसयी क्रिकेट स्पर्धा का सेमीफायनल मैच मां कनकेश्वरी क्लब एवं एलएसजीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में सभी विकेट खोकर 322 रनों का विशाल स्कोर खडा किया। अंश यादव ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 9 चौके व 7 छक्के की मदद से 79 गेंदो में 111 रन, अभियुग प्रजापति ने 99 रन एवं विवेक तिवारी ने 59 रनों का योगदान दिया । विष्णु शर्मा एवं विकी कुनाद ने 3-3 विकेट लिए।

# रजत ने बताया कैसे टीम ने बुना था जीटी के खिलाफ जीत का प्लान

## लगातार दूसरी बार अपनी कप्तानी में आरसीबी को फाइनल में पहुंचाया



### आरसीबी की टीम पांचवीं बार फाइनल में पहुंची

इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर रोमारियो को लाने पर कप्तान पाटीदार ने बताया, मैं बस यह देख रहा था कि अगर हम फाइनल में जाते हैं तो रोमारियो बीच के ओवरों में कैसी बॉलिंग करेंगे, तो इसके पीछे यही प्लान था। यह एक अच्छी रिकवरी होगी और चलो फाइनल के लिए चलते हैं। आरसीबी की टीम पांचवीं बार फाइनल में पहुंची है। पहली बार लगातार दूसरे साल फाइनल का टिकट आरसीबी को मिला है। दोनों बार रजत पाटीदार ने टीम को फाइनल में पहुंचाया है।

**धर्मशाला ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी को आईपीएल 2026 के फाइनल में पहुंचने के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने कहा है कि उनका और उनकी टीम का प्लान साफ था कि उन्हें सामने वाली टीम को डराना है। कप्तान पाटीदार ने बताया कि टीम का प्लान था कि अपनी बॉडी लैंग्वेज और अपनी बल्लेबाजी से सामने वाली टीम को बैकफुट पर रखना है। खुद कप्तान ने 33 गेंदों में 5 चौके और 9 छक्कों की मदद से 93 रनों की नाबाद पारी खेली। इसके लिए वे प्लेयर ऑफ द मैच भी चुने गए। गुजरात टाइटन्स को क्वालीफायर 1 में आरसीबी ने बुरी तरह से हराया है।

रजत पाटीदार ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कहा, यह हमारे लिए एक सुपर गेम था और जिस तरह से खासकर बैट्समैन इस गेम में हावी रहे, जिस तरह से हर कोई इरादे से स्ट्राइक कर रहा था, वह हमारे लिए अच्छा था। यह कोई क्लियर प्लान नहीं है (जीटी बॉलर्स के पीछे जाने का), लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं, क्योंकि आपको कुछ बॉडी लैंग्वेज दिखानी होती है कि हम आपके पीछे आ रहे हैं। यह हर बैट्समैन में था। इसलिए हमने मीटिंग में बात की, हमें एक अच्छी बॉडी लैंग्वेज और अटैकिंग माइंडसेट देना होगा।

उन्होंने आगे कहा, यह एक बड़ा स्टेज था, क्वालीफायर 1, जिस तरह से हम खेले, जिस तरह से हम इस गेम में हावी रहे, मुझे लगता है कि वह शानदार था। प्लेयर ऑफ द मैच बने और तूफानी 93 रनों की पारी खेलने वाले रजत पाटीदार ने अपनी बैटिंग पर कहा, मेरी बैटिंग का तरीका भी ऐसा ही है। शुरू में, मैं कुछ गेंदें लेता हूं, 8-10 गेंद यह देखने के लिए कि विकेट कैसा बिहेव कर रहा है और बॉल क्या कर रही है और उसके बाद, मेरा दिमाग क्लियर होता है कि मुझे कैसे आगे बढ़ना है और मुझे विकेट की चिंता नहीं होती। मैं हमेशा बॉलर को प्रेशर में डालना पसंद करता हूं।

टीम की बॉलिंग पर पाटीदार ने कहा, सच कहूं तो, विकेट पर बॉल के नीचे जाकर लंबे छक्के मारना इतना आसान नहीं था, क्योंकि बहुत अच्छा बाउंस था और जिस तरह से बॉलर्स ने अपने प्लान को पूरा किया, स्टंप्स पर ज्यादा गेंदें फेंकी, मुझे लगता है कि इससे मदद मिली। जीटी अब तक जिस तरह से खेली है, मुझे लगता है कि तीन मेन बैट्समैन टॉप तीन थे और हम क्लियर थे कि हमें उन्हें पावरप्ले में आउट करना है और उम्मीद है कि यह काम कर गया।

### मोहित और चंद्रमोहन ने स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली ।** वियतनाम के दा नांग में आयोजित अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवानों ने अपना शानदार प्रदर्शन बरकरार रखते हुए मंगलवार को प्रतियोगिता के चौथे दिन देश के पदकों की संख्या में चार और पदक जोड़ दिए। कुमार मोहित और चंद्रमोहन ने अपने-अपने भार वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर टीम का नेतृत्व किया, जबकि दीपक ने 61 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता और एक अन्य भारतीय पहलवान, जिनका नाम भी दीपक है , ने 74 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। इन जीतों के साथ भारत के फ्रीस्टाइल पदकों की संख्या छह हो गई है, जो पिछले दिन की सफलता को आगे बढ़ाती है, जहां अक्षय टी धेरे (57 किलोग्राम) और विक्की (97 किलोग्राम) दोनों ने स्वर्ण पदक हासिल किए थे। मोहित ने 65 किलोग्राम वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले के दौरान पूरी तरह से नियंत्रण बनाए रखा और किर्गिस्तान के ओस्कोनबाई ए. अब्दिसमातोव पर 12-4 की आरामदायक जीत दर्ज करते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। बाद में, चंदरमोहन ने कजाकिस्तान के येरखान अबिल के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 7-6 से जीत हासिल कर 79 किलोग्राम वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

# आईपीएल के फाइनल में सबसे ज्यादा बार पहुंचने वाली टीमों की लिस्ट में आरसीबी ने चौंकाया

**नई दिल्ली।** 2026 के क्वालीफायर 1 को जीतकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी ने फाइनल का टिकट कटा लिया है। डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी ने क्वालीफायर 1 में गुजरात टाइटन्स को 92 रनों के अंतर से मात दी और फाइनल में प्रवेश किया। आरसीबी ने पांचवीं बार आईपीएल के फाइनल का टिकट कटाया है। क्या आप जानते हैं कि आईपीएल के फाइनल में सबसे ज्यादा बार कौन सी टीम पहुंची है? इसका जवाब आपको मिल जाएगा और साथ में आप ये भी जानेंगे कि कौन सी पांच टीमों ने सबसे ज्यादा आईपीएल फाइनल खेले हैं। आरसीबी ने केकेआर जैसी टीम को पीछे छोड़ दिया है, जिसके पास तीन टाइटल हैं।

आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा बार फाइनल में पहुंचने वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स है, जिसके पास पांच ट्रॉफी हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा फाइनल हारने वाली टीम भी चेन्नई सुपर किंग्स है। अब तक 10 बार चेन्नई ने आईपीएल के फाइनल में प्रवेश किया है। उनमें से पांच बार टीम विजेता रही है और इतनी ही बार टीम फाइनल हारी है। लिस्ट में दूसरे नंबर पर सबसे पहले पांच खिताब जीतने वाली टीम मुंबई इंडियंस है, जिसने कुल 6 बार आईपीएल के फाइनल में प्रवेश किया है। सिर्फ एक ही बार टीम फाइनल हारी है।

आरसीबी ने आईपीएल के फाइनल में पहुंचने के मामले में तीसरा स्थान हासिल



कर लिया है। आरसीबी ने पांचवीं बार आईपीएल के फाइनल का टिकट कटाया है और कोलकाता नाइट राइडर्स यानी केकेआर को पीछे छोड़ दिया है, जो तीन बार की चैंपियन है और कुल चार बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची है। आरसीबी ने अब तक 4 फाइनल खेले हैं, जिनमें से एक में ही टीम को जीत मिली है। यह आरसीबी का पांचवां फाइनल होगा। लिस्ट में पांचवें नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद है, जो अब तक तीन बार फाइनल में पहुंची है और एक बार विजेता रही है।

### सबसे ज्यादा बार फाइनल में पहुंचना

10 बार - चेन्नई सुपर किंग्स (5 जीत)

6 बार - मुंबई इंडियंस (5 जीत)

5 बार - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (1 जीत) ङ

4 बार - कोलकाता नाइट राइडर्स (3 जीत)

3 बार - सनराइजर्स हैदराबाद (1 जीत)

### शनाका ने कप्तान पराग को भविष्य का महान नेता बताया

**मुल्लनपुर ( पंजाब )।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ अपनी टीम के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले से पहले, राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के ऑलराउंडर दासुन शनाका ने कप्तान रियान पराग को फ्रेंचाइजी और टीम इंडिया दोनों के लिए एक महान नेता बनने की राह पर बताया। राजस्थान अपनी दूसरी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब की लड़ाई को जारी रखेगा जब वह एलिमिनेटर में एसआरएच से भिड़ेगा, और विजेता क्वालीफायर दो में गुजरात टाइटन्स (जीटी) से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ खिताबी मुकाबले में जगह बनाने के लिए मुकाबला करेगा।आरआर के लिए अब तक का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। लगातार चार जीत के साथ शुरुआत करने के बाद, उन्होंने अगले छह मैचों में से चार में हार का सामना किया।

# करारी हार पर कप्तान गिल फील्डरों पर जमकर बरसे

**धर्मशाला।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने हार के लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि टीम 12वें-13वें ओवर तक मुकाबले में बनी हुई थी, लेकिन कैच छोड़ने और कमजोर क्षेत्ररक्षण ने मैच का रुख बदल दिया। कप्तान रजत पाटीदार की नौ छक्कों से सजी 93 रन की तूफानी अर्धशतकीय पारी की मदद से गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को आईपीएल के क्वालीफायर एक में मंगलवार को 92 रन से पीट दिया और लगातार दूसरे साल सीधे फ़ाइनल में जगह बना ली। आरसीबी ने पांच विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद गुजरात को 19.3 ओवर में 162 रन पर निपटा दिया। हालांकि इस हार के बावजूद गुजरात के पास 29 मई को



क्वालीफायर दो में फ़ाइनल में पहुंचने का मौका रहेगा, जहां उनका मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच एलिमिनेटर मैच के विजेता से होगा।

### ग्राउंड फील्डिंग अच्छी नहीं रही

शुभमन गिल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि पिच ने हमें चौंकाया। हम मैच में अच्छी स्थिति में थे, लेकिन हमारी क्षेत्ररक्षण स्तर के अनुरूप नहीं रही। कुछ आसान कैच छूटे और ग्राउंड फील्डिंग भी अच्छी नहीं रही। उन्होंने कहा, यह उन मुकाबलों में से एक है, जिसे हम जल्दी भूलकर मोहाली में नई शुरुआत करना चाहेंगे। टीम मीटिंग और अभ्यास सत्र में क्षेत्ररक्षण पर लगातार काम होता है, लेकिन दबाव के क्षणों में हम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके।

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने लक्ष्य का पीछा करने को लेकर कहा, ऐसे मैदान पर अच्छी शुरुआत बेहद जरूरी होती है। यहां गेंद तेजी से बल्ले पर आती है और आउटफील्ड भी तेज है। अगर पावरप्ले अच्छा जाता, तो यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता था।

# आरटीओ चालान के नाम पर साइबर ठगी

## बैंक अधिकारी बनकर महिला से ऐंठे 84 हजार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**एमआइजी थाना क्षेत्र में ऑनलाइन फ्रॉड का एक नया और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक शातिर साइबर ठग ने आरटीओ चालान भुगतान का झांसा देकर एक महिला के बैंक खाते से 84 हजार रुपये पार कर दिए। जालसाज ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर महिला को अपने जाल में फंसाया और बातों-बातों में उनके डेबिट कार्ड से जुड़ी गोपनीय जानकारियां हासिल कर लीं। पीड़िता की शिकायत पर एमआइजी थाना पुलिस ने अज्ञात मोबाइल कॉलर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।**

एमआइजी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शिवानी नगर।क्षेत्र निवासी फरियादी रश्मि अग्रवाल ने थाने पहुँचकर इस पूरी धोखाधड़ी की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। रश्मि ने पुलिस को बताया कि गत 21 मई 2025 को उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था। फोन करने वाले ने बेहद पेशेवर अंदाज में बात करते हुए खुद को उनके संबंधित बैंक का बड़ा अधिकारी बताया।

कॉल करने वाले आरोपी ने रश्मि से कहा कि आपकी कार का एक आरटीओ चालान कटा है, जिसे तुरंत जमा करना अनिवार्य है। इस चालान का भुगतान केवल डेबिट कार्ड के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा।आरोपी ने इतने विश्वास के साथ बात की कि रश्मि उसकी बातों के झांसे में आ गईं और चालान के डर से उन्होंने अपने डेबिट कार्ड से जुड़ी जानकारियां फोन पर ही आरोपी के साथ साझा कर दीं। पीड़िता के मुताबिक, जैसे ही उसने डेबिट कार्ड से जुड़ी गुप्त जानकारियां कॉलर को दीं, आरोपी ने कहा कि वह सिस्टम में कार्ड की डिटेल्स और चालान की राशि चेक कर रहा है, तब तक वह मोबाइल को दो मिनट के लिए होल्ड पर रखे। रश्मि ने जब फोन होल्ड पर रखा, उसी दौरान आरोपी ने बैंक के सर्वर पर उनके कार्ड का इस्तेमाल कर ट्रांजेक्शन की प्रक्रिया को अंजाम दे दिया। फोन कटने के कुछ ही देर बाद रश्मि के मोबाइल पर बैंक का मैसेज आया, जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। उनके खाते से 84,000 की राशि डेबिट हो चुकी थी। दिलचस्प बात यह है कि जब आरोपी ने फोन पर कार्ड का नंबर और अन्य जानकारियों और गहराई से पूछना शुरू किया, तब रश्मि ने उसे बताया कि वह कई सालों से इस डेबिट कार्ड का उपयोग ही नहीं कर रही हैं और उन्हें उसका नंबर भी ठीक से याद नहीं है। इसके बावजूद शातिर ठग ने पहले से हासिल जानकारियों के दम पर खाते में सेंध लगा दी। ठगी का अहसास होते ही रश्मि तुरंत बैंक पहुँचीं और कार्ड ब्लॉक कराने के बाद थाने में मामला दर्ज कराया।





# इन्दौर आ रही डेमू ट्रेन के इंजन से निकला धुआं

### घबराकर उतरे यात्री, लेट हुई ट्रेन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

महू से इन्दौर होते हुए रतलाम जाने के लिए आज सुबह निकली डेमू ट्रेन में उस वक्त हड़कम्प मच गया जब इंजन से धुआं निकला। इस दौरान ट्रेन में सवार यात्री घबरा गए और बाहर आ गए।

मिली जानकारी के अनुसार सुबह 8.55 बजे डॉ. अम्बेडकर नगर महू रेलवे स्टेशन से ट्रेन क्रमांक 79305 डॉ. अम्बेडकर नगर महू-रतलाम डेमू रवाना हुई। करीब 9 बजे जब ट्रेन हरनियाखेडी स्टेशन पहुंची तो इंजन से धुआं उठना शुरू हो गया। धुआं बढता देख ट्रेन में सवार यात्रियों में दशहत फैल गई और वे ट्रेन से बाहर निकलकर प्लेटफार्म पर आ गए। घटना के बाद रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तकनीकी टीम ने इंजन की जांच शुरू की। सूत्रों के मुताबिक ट्रेन के इंजन में तकनीकी खराबी के कारण धुआं उठा है। रेलवे द्वारा करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद खराबी को ठीक किया गया और ट्रेन को रवाना किया।

## मासूम को टमाटर का लालच देकर ले गया नाबालिग, फिर किया दुष्कर्म का प्रयास

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

गांधी नगर थाना क्षेत्र में पड़ोस में ही रहने वाले एक नाबालिग लड़के ने महज तीन साल की अबोध बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाने का प्रयास किया। आरोपी मासूम बच्ची को बहला-फुसलाकर टमाटर खिलाने का लालच देकर एक सुनसान जगह पर ले गया था। बच्ची के रोते हुए घर पहुँचने पर इस घिनौनी करतूत का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग को हिरासत में ले लिया है।

गांधी नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, यह वारदात क्षेत्र में ही रहने वाले एक श्रमिक परिवार की मासूम बेटी के साथ घटित हुई। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने पड़ोसी नाबालिग आरोपी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि तीन वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाला नाबालिग लड़का वहाँ पहुँचा। उसने मासूम बच्ची को अपनी बातों में फंसाया और टमाटर खिलाने का लालच देकर चुपचाप अपने साथ एक सूने स्थान पर ले गया। वहाँ ले जाकर आरोपी ने मासूम के साथ जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। आरोपी की इस करतूत से डरी-सहमी और दर्द से कराहती हुई मासूम बच्ची जब रोते-बिलखते हुए किसी तरह अपने घर पहुँची, तो उसे इस हालत में देखकर माता-पिता के होश उड़ गए। परिजनों ने जब बच्ची को दुलार कर रोने का कारण पूछा, तो मासूम ने अपनी तुतली जुबान में पड़ोसी लड़के की पूरी करतूत बयां कर दी। इसके बाद आक्रोशित और बदहवास परिजन तुरंत बच्ची को लेकर गांधी नगर थाने पहुँचे और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।







### घर के बाहर खड़ी आटो रिक्शा हो गई चोरी

**इंदौर।** शहर में दोपहिया वाहन चोरी होने के मामले तो लगातार सामने आ रहे है। अब चोरों की निगाह आटो रिक्शा पर भी बनी हुई है। खजराना थाना क्षेत्र के सुपर पैलेस कालोनी से एक रिक्शा चोरी हो गया। रिक्शा क्रमांक एमपी 09 आरए 5967 को बदमाश चुराकर ले गए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। चंद मिनटों में रिक्शा गायब कर दिया।

# घर के बाहर खड़े व्यक्ति को मारी टक्कर, मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मानपुर इलाके में एक हिट एंड रन का मामला सामने आया है, जहाँ एक अज्ञात वाहन चालक घर के बाहर खड़े व्यक्ति को टक्कर मारकर भाग निकला।

घटना मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी सिहोद की है। यहाँ रहने वाले सीताराम पिता बुधाजी (55) बीती शाम अपने घर के बाहर सड़क किनारे खड़े हुए थे। इसी दौरान मानपुर की ओर से आए एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए सीताराम को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सीताराम हवा में उछलकर सड़क दूर जा गिरे और उनके सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं।वारदात को अंजाम देने के बाद अज्ञात वाहन चालक गाड़ी की रफ्तार बढ़ाकर मौके से तेजी से भाग निकला। दुर्घटना की आवाज सुनकर और चीख-पुकार सुनकर सीताराम के परिजन और आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े। खून से लथपथ हालत में परिजन उन्हें आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। वहाँ मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद सीताराम को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर मानपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## युवक की संदिग्ध मौत

**इंदौर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के अहिल्या पल्टन में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना अहिल्या पलटन की है। यहाँ रहने वाले योगेश पिता जगदीश (40) अचानक अपने घर में अचेत अवस्था में पाया गया। जब परिजनों ने उन्हें उठाने का प्रयास किया तो शरीर में कोई हलचल नहीं हुई। यह देख परिवार में हड़कंप मच गया और वे चीख-पुकार करते हुए आसपास के लोगों की मदद से योगेश को तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने योगेश का परीक्षण करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मामले में सदर बाजार पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## कोचिंग के बाहर छात्रों में विवाद गाली-गलौज के बाद मारपीट

**इंदौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में कोचिंग के बाहर दो छात्रों के बीच विवाद के बाद गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना गीता भवन चौराहा स्थित आकाश इंस्टीट्यूट के बाहर की है। फरियादी कुणाल पाटिल अपने परिवार के साथ कोचिंग में बातचीत के लिए गया था, जहां आरोपी शौर्य त्रिवेदी के परिवार भी मौजूद थे। दोनों पक्षों के बीच अंदर बातचीत के बाद जब सभी बाहर निकले, तभी शौर्य त्रिवेदी और उसके साथी ने कुणाल को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसे से मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।